



# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

वर्ष- 13, अंक - 260 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, गुरूवार 7 जुलाई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-











## शिवनाथ का जलस्तर बढ़ा... 'महमरा' का रास्ता रोका

दुर्ग। जिले में अच्छी बारिश के कारण राजनांदगांव जिले के मोगरा डायवर्सन से 600 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण शिवनाथ नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिसके कारण इस बारिश सीजन में महमरा एनीकट पहली बार छलका है। एनीकट से आवाजाही रोक दी गई है। एनीकट के मुहाने पर पुलिस ने बैरिकेड्स लगा दिया है। एनीकट के 2 फीट ऊपर से पानी बह रहा है। फिलहाल बारिश थमी हुई, यदि यह लगातार जारी रहेगी तो खतरा और बढ़ेगी। वहीं तांदुला जल संसाधन संभाग की ओर से सावधान व चेतावनी के बैनर भी टांग दिए गये हैं। जिसमें लिखा है कि नदी मं पानी रपटे के ऊपर हो, तब किसी भी स्थिति में रपटे को पार न करें और सुरक्षा नियमों का पालन करें एवं स्वयं की सुरक्षा करें।

# साढ़े चार सौ घरों में पुलिस की दबिश




### पॉश कॉलोनी में पहुंचे देढ़ दर्जन अधिकारी और देढ़ सौ जवान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के लगभग साढ़े चार सौ घरों में आज पौ फ्टते ही पुलिस की टीम ने दस्तक दिया। इस दौरान किरायेदारों का सत्यापन करने के साथ ही सीसीटीवी कैमरा? और असामाजिक तत्वों की चेकिंग की गई। इसके अलावा बहुमंजिली इमारतों में लगे लिफ्ट का भी वरिफिक्रेशन किया गया। दुर्ग पुलिस के देढ़ दर्जन अधिकारी और देढ़ सौ से अधिक जवानों ने आज इस अभियान को अंजाम दिया।

दुर्ग-भिलाई शहर में अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉक्टर अभिषेक पल्लव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय कुमार ध्रुव के नेतृत्व में अलसुबह 5 बजे से डेढ़ दर्जन से अधिक अधिकारी एवं 150 से अधिक जवानों के द्वारा मकान किरायेदार सत्यापन एवं कॉलोनी चेकिंग अभियान चलाया गया। दुर्ग पुलिस के जवानों के द्वारा लोगों के घर-घर जाकर उनके यहां रह रहे किरायेदारों के संबंध में जानकारी ली गई।

अलसुबह 5 बजे से यह अभियान कुबेर इनक्लेव, सूर्या रेसिडेंसी एवं चौहान टाउन में चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से किरायेदारों का सत्यापन, लिफ्ट वेरिफिक्रेशन, असामाजिक तत्वों की चेकिंग, पार्किंग में लावारिस वाहन की चेकिंग, सीसीटीवी चेकिंग, अपार्टमेंट एवं रेसिडेंसी के लोगों की शिकायत एवं फीडबैक से संबंधित अभियान चलाया गया। जिस भी कॉलोनी में त्रुटि पाई गई उसमें संबंधित मेंबर को बुलाकर सूचना दी गई एवं कॉलोनी वासियों को कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं अन्य नियमों के संबंध में जागरूक कराकर, आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस को कॉल करने हेतु डायल 112 एवं अन्य संपर्क नंबर दिए गए।

दुर्ग पुलिस के द्वारा शहर के पाश इलाकों, अपार्टमेंट, कॉलोनियों के 450 से अधिक घरों पर दबिश देकर अकस्मात चेकिंग की गई। जिसमें किराएदारों, असामाजिक तत्वों की चेकिंग कर संदिग्ध की जांच की जा रही है एवं कॉलोनी वासियों से अपील भी की गई कि किसी भी व्यक्ति को अपना घर मकान किराए में देने से पहले पुलिस वेरिफिक्रेशन ऑनलाइन अथवा ऑफ्लाइन जरूर करा कर अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने पुलिस का साथ दें।संपूर्ण चेकिंग अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय कुमार ध्रुव के द्वारा किया गया। जिसमें उप पुलिस अधीक्षक क्राइम नसर सिद्धकी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात गुरजीत सिंह, थाना प्रभारी सुपेला, थाना प्रभारी खुर्सीपार चौकी प्रभारी स्मृति नगर सहित 150 से अधिक जवान उपस्थित थे।

## कोल माफियाओं एवं कोल डिपो पर ताबड़तोड़ छापे, छत्तीसगढ़ सरकार ने लगातार शिकायतों के बाद की कार्रवाई



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कई कोल वाशरियों एवं कोल डिपो पर आकस्मिक रूप से दबिश देकर जांच-पड़ताल की गई। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा यह कार्रवाई कोल वाशरियों एवं कोल डिपो में कोयले के स्टाक में गड़बड़ी सहित अन्य शिकायतों के मद्देनजर की गई है। बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़ एवं जांजगीर-चांपा जिले में स्थित कोल वाशरियों एवं कोल डिपो में खनिज, राजस्व, पुलिस एवं जीएसटी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीमों ने दबिश दी और कोयले के स्टाक सहित आवक-जावक, पर्यावरण नियम के उल्लंघन, भूमि संबंधी दस्तावेजों में कमियां, वेवब्रिज के कैलिब्रेशन में अंतर एवं अन्य कमियों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की है। खनिज विभाग द्वारा राज्यभर की कोल वाशरियों एवं कोल डिपो की जांच-पड़ताल के लिए 10 राज्य स्तरीय टीमें गठित की गई है, इन टीमों में खनिज विभाग के 50 अधिकारी शामिल हैं, जो संबंधित इलाकों के राजस्व, पुलिस एवं जीएसटी विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर कोल वाशरियों एवं कोल डिपो की जांच-पड़ताल में जुटे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त टीम द्वारा आज बिलासपुर जिले के गतौरा एवं हिंडाडीह स्थित हिन्द एनर्जी, हिन्द मल्टी, क्लीन कोल वाशरियों तथा गतौरी स्थित सत्या पावर कोल् वाशरी, फील वाशरी में दबिश देकर जांच-पड़ताल की कार्रवाई की गई। इसी तरह अधिकारियों की संयुक्त टीम ने जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा स्थित मेसर्स क्लीन कोल इंटरप्राईजेस, मेसर्स हिन्द एनर्जी एण्ड कोल बेनिफिक्रेशन के यहां दबिश देकर कोल स्टाक के जांच में जुटी हुई है। रायगढ़ जिले की कोल वाशरियों एवं कोल डिपो में भी जांच-पड़ताल की कार्रवाई जारी है।

इसी तरह कोरबा जिले में अधिकारियों की संयुक्त टीम ने कोल वाशरी दीपका, गेवरा, चाकाबुर्रा, रैकी, रतीजा, मारुति, इंडस उद्योग एंड प्राइवेट लिमिटेड, कोठरी तथा पावर प्लांट क्रमश चकाबूरा 2×135, 2×30, रतीज़ा पावर 50×2, मारुति 300 मेगावाट, रेकी पावर 63 मेगावाट में अधिक मात्रा में कोल स्टॉक, पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन, भूमि संबंधी दस्तावेजों में कमियां, वेवब्रिज के कैलीब्रेशन में अंतर तथा अन्य कमियों की सघन जांच-पड़ताल की कार्रवाई की है।

## अब स्कूलों में शनिवार को बच्चे खेल-खेल में करेंगे पढ़ाई, बिना बस्ते के जाएंगे स्कूल

**रायपुर।** स्कूली बच्चे हर शनिवार को अब खेल-खेल में पढ़ाई करेंगे। स्कूली शिक्षा को रोचक, व्यावहारिक और अपने आस-पास के माहौल से जोड़ने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा यह कदम उठाए गए हैं। स्कूलों में शनिवार का दिन बैगलेस डे में होगा। प्रायमरी और मिडिल स्कूल के बच्चे इस दिन बिना बस्ते के स्कूल जाएंगे। शनिवार को स्कूलों में योग, व्यायाम, खेलकूद सांस्कृतिक आदि गतिविधियां करायी जाएंगी। इस नए कदम से बच्चों को स्कूल आने के प्रति रूचि जागृत होगी वहीं उन्हें स्कूल से जोड़े रखने में भी मदद मिलेगी। बच्चों को स्कूली शिक्षा ज्ञानवर्धक के साथ मनोरंजक भी लगेगी।

## छत्तीसगढ़ के गोधन न्याय और मितान योजना को मिली प्रशंसा 'डिजिटल इंडिया सप्ताह अंतर्गत छत्तीसगढ़ का प्रस्तुतिकरण'

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना और मितान योजना को गुजरात के अहमदाबाद स्थित गांधीनगर महात्मा मंदिर में 4 से 9 जुलाई 2022 तक आयोजित डिजिटल इंडिया सप्ताह में सराहना मिली है। छत्तीसगढ़ की ओर से आज तीसरे दिन आयोजित कांफ्रेंस में भाग लेते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विशेष सचिव एवं छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समीर विश्नोई ने राज्य की महत्वाकांक्षी मितान योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इससे पूर्व डिजिटल इंडिया सप्ताह के तीसरे दिन गुजरात सरकार की माइ हवअ पोर्टल, आईटी पॉलिसी की मार्गदर्शिका और आईटी क्षेत्र में सब्सिडी प्रदान करने हेतु एकल खिड़की पोर्टल का शुभारंभ गुजरात सरकार के शिक्षा मंत्री जीतू भाई वाघनी ने किया। कार्यक्रम में देश भर से आए आईटी विशेषज्ञों ने भाग लिया। इनमें डॉ. जे सतनारायण, सलाहकार वर्ल्ड इकोनामिक फोरम, सामान्य सेवा केंद्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार त्यागी, आंध्र प्रदेश के आईटी विभाग के प्रमुख सचिव सौरभ गोरे, उत्तर प्रदेश सरकार के सचिव कुमार विनीत सहित अनेक विशेषज्ञों ने भाग लिया।

### अनेक देशों में होने लगी इस तरह की योजना की पहल

समीर विश्नोई ने बताया कि राज्य शासन द्वारा प्रारंभ की गई मितान योजना का मुख्य उद्देश्य शासकीय सेवा वितरण प्रणाली में सुधार लाते हुए नागरिकों को घर पहुंच सेवा का लाभ प्रदान करना है। इसके अलावा गोधन न्याय योजना की भी जानकारी प्रदान की गई। मंच संचालन कर रहे भारत शासन सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव राजेंद्र कुमार ने राज्य सरकार द्वारा नवाचार का प्रयोग करते हुए संचालित योजनाओं और छत्तीसगढ़ के नवीन पहलुओं की प्रशंसा की है। सीएससी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. दिनेश त्यागी ने मितान योजना की प्रशंसा करते हुए कहा यह नागरिक सशक्तिकरण के लिए आईटी का वास्तविक उपयोग है। अनेक देशों में इस तरह के पहल होने लगे हैं।

## पानी का यह आकर्षण



दीपक रंजन दास

गुस्ताखी माफ

बरसाती नाला हो या पहाड़ी झरना, कृत्रिम तरणताल हो या समन्दर का किनारा, बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित करता है। पानी जहां जीव मात्र के लिए जीवनधारण की आवश्यकता है वहीं इंसानों को यह मानसिक सुकून भी देता है। पर यही पानी तब अकालमृत्यु का कारण भी बन जाता है जब हम इसके प्रति लापरवाह हो जाते हैं। प्रति वर्ष हजारों लोगों की मृत्यु डूबने से हो जाती है। इसमें सबसे बड़ी संख्या युवाओं की होती है जो नहाने के लिए बरसाती नालों में, नहरों में या नदियों में छलांग लगा देते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया में 2019 के दौरान 70 हजार लोगों की मौत डूबने से हुई। इनमें से 15 फीसद की उम्र 15 साल से कम थी और वे सभी बालक थे। अर्थात यह मौतें किसी बाढ़ या प्राकृतिक आपदा की वजह से नहीं हुई थीं। एक्सेडेंटल डेथ्स एंड सुईसाइड्स इन इंडिया द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के मुताबिक अकेले भारत में 2018 के दौरान प्रतिदिन औसतन 83 लोगों की मृत्यु डूबने से हुई। 30,187 मौतों के इस आंकड़े को भी वे कम मानते हैं क्योंकि ग्रामीण तथा वनांचलों में होने वाली ऐसी मौतों की आम तौर पर रिपोर्टिंग नहीं होती। इनमें से अधिकांश लोग नहाने गए थे। नहाना जरूरत होने के साथ-साथ एक शौक भी है। यह शौक कुछ इस तरह सिर चढ़कर बोलता है कि लोग सुबह नहीं नहाने वालों को हिकारत की नजर से देखते हैं। भारतीय समाज में सुबह सुबह नहाने की एक परम्परा पीढ़ियों से चली आ रही है। नहाते समय डूबने से मौत के मामलों को छोड़ भी दें तो भी यह कई अन्य मुसीबतों की भी जड़ है। लोग नहाने के चक्कर में स्कूल, कालेज और दफ्तर देर से पहुंचते हैं। सुबह-सुबह टंकी के ठंडे पानी से नहाने के चक्कर में प्रतिवर्ष हजारों लोग शॉक और स्ट्रोक के शिकार होते हैं। इसी से जुड़ा है गर्म पानी से नहाने का चलन। शहरों में जहां गीजरों का खूब चलन है वहीं गांवों में भी पानी गर्म करके सुबह-सुबह नहाने का चलन है। महाराष्ट्र में तो नहाने का पानी गर्म करने के अलग से बर्तन भी आते हैं जिसमें दिन भर पानी गर्म होता रहता है। स्नान के विज्ञान की बात करें तो सामान्य मौसम में सप्ताह में दो बार नहाना पर्याप्त होता है। स्नान को लेकर समझदार लोगों का मानना है कि स्नान हमेशा शाम या रात को करना चाहिए। इस समय टंकी का पानी ज्यादा ठंडा नहीं होता। दूसरे दिन भर के धूल-धक्कड़ और पसीने से निजात पाने के लिहाज से भी यह बेहतर होता है। रात को नहाने पर भूख और नींद दोनों अच्छी होती है। सुबह व्यक्ति तरोताजा उठता है। नहाने में मजा कितनी भी आए, नहाने को लेकर दृष्टिकोण को वैज्ञानिक बनाना खुद अपनी सेहत के लिए अच्छा होता है।

## हड़ताल में शामिल होने जा रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को रोका, विरोध के बाद जाने दिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रायपुर के बूढ़ा तालाब के पास चल रहे हड़ताल में शामिल होने जा रही भिलाई-दुर्ग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को



आज सुबह कुम्हारी स्थित खारुन टोल प्लाजा के पास पुलिस ने रोक दिया। कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने विरोध में नारेबाजी करते हुए चक्काजाम कर दिया तो दो घंटे बाद उन्हें रायपुर की ओर जाने दे दिया गया। शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिए जाने से पहले कलेक्टर दर पर वेतन दिए जाने की मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं बूढ़ा तालाब रायपुर में धरना प्रदर्शन कर रही हैं। इस प्रदर्शन में शामिल होने भिलाई-दुर्ग से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और सहायिकाएं बस व अन्य वाहनों में निकली। सुबह 10 बजे जब वे कुम्हारी पहुंचीं तो टोल प्लाजा पर उनके वाहन को रोक दिया गया। इसका विरोध करते हुए कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने सड़क पर बैठ चक्काजाम कर दिया। आखिरकार 12 बजे के आसपास उन्हें जाने दे दिया गया। छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ की दुर्ग जिला अध्यक्ष गीता बाग ने बताया कि हड़ताल में सहभागिता देने भिलाई दुर्ग से सात आठ बसों में कार्यकर्ता व सहायिकाएं रायपुर के लिए रवाना हुई। जिन्हें खारुन टोल प्लाजा पर रोक दिया गया। घंटे भर महिलाएं परेशान रही। विरोध में नारेबाजी की गई। तब जाकर उन्हें जाने दिया गया।



## संपादकीय

# महंगाई की मार

अनाज, नून-तेल और दाल-सब्जी के भाव तो पहले ही बढ़ गए थे, अब रसोई गैस की वजह से आपका भोजन एक बार फिर महंगा होने जा रहा है। रसोई गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपये की वृद्धि कर दी गई है। पिछले एक साल से इसकी कीमत लगातार बढ़ रही है। इस दौरान इसके दाम 834 रुपये से बढ़कर 1053 रुपये हो गए हैं। यानी 26 फीसदी से भी ज्यादा की बढ़ोतरी। कुछ तो रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण और कुछ कोविड महामारी के अब तक चले आ रहे असर की वजह से विश्व बाजार में पेट्रोल की कीमतें जिस तरह से बढ़ रही हैं, उसका असर देर-सवेर भारतीय उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ना ही था। महंगाई के इस दौर को कुछ अर्थशास्त्रियों ने आयातित मुद्रास्फीति भी कहा है, यानी ऐसी महंगाई, जिसका असर घरेलू कारकों से कम, अंतरराष्ट्रीय बाजार के दबाव से ज्यादा हो। ऐसा भी नहीं है कि महंगाई सिर्फ भारत में बढ़ रही है, यह दुनिया भर में बढ़ रही है। विकसित देशों में भले ही इसका प्रतिशत इतना न हो, लेकिन वहां यह पिछले कई बरस के रिकॉर्ड तोड़ रही है। अगर भारत के पड़ोसी देशों को देखें, तो वहां बढ़ती महंगाई राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने की हद तक पहुंच गई है।

> "इस सबके कारण भले ही आयातित हों, लेकिन अंततः इन मुसीबतों से किसी भी सरकार को घरेलू स्तर पर ही निपटना होता है। उन लोगों की मदद भी सरकार की जिम्मेदारी ही होती है, महंगाई जिनके पोषण स्तर को कम कर देती है। जैसे महामारी भले ही बाहर से आई, उससे घरेलू स्तर पर ही लड़ना पड़ा था, महंगाई से भी हमें वैसे ही निपटना होगा।

महंगाई चाहे घरेलू बाजार में पैदा हुई हो या सात समुंदर पार से आई हो, लोगों की कमर वह एक ही तरह से तोड़ती है। कहा जाता है कि जो गरीब टैक्स नहीं दे सकते, महंगाई उन पर थोपा गया टैक्स ही है। इसकी सबसे ज्यादा मार गरीबों पर ही होती है। यह बाकी लोगों की थाली का भोजन महंगा करती है, लेकिन गरीबों की थाली में तो यह भोजन ही कम कर देती है। इससे मध्य वर्ग की परेशानियां भी काफी बढ़ती हैं। बढ़ती महंगाई के बीच जून महीने में 'एक्सिस माई इंडिया' ने उपभोक्ताओं का एक सर्वे किया, तो पाया कि इसकी वजह से 59 फीसदी परिवारों को अपनी खरीदारी में कटौती करनी पड़ी है। कटौती का यह सिलसिला पिछले तीन महीने से लगातार जारी था। इस दौरान बहुत से लोगों ने छुट्टियों पर बाहर जाने या रेस्तरां में खाने के लिए जाने के कार्यक्रम भी स्थगित कर दिए। जिन लोगों ने खरीदारी में कटौती नहीं की, उनके खर्च काफी बढ़ गए थे। यह भी पाया गया कि लोगों की वास्तविक आमदनी अभी उस स्तर पर नहीं पहुंच सकी है, जहां वह महामारी से पहले थी। कोरोना काल में भी कुछ लोगों की कमाई तो बहुत बढ़ी दिखी, लेकिन इससे पूरे समाज की स्थिति में सुधार नहीं आया है। देश में अरबपतियों की तेजी से बढ़ती संख्या और स्विस बैंक में भारतीयों का बढ़ता काला धन भी गरीबों को परेशान कर रहा है। भारत के लिए इस समय मुद्रास्फीति या महंगाई ही अकेली समस्या नहीं है। दुनिया के बाजारों का जो हाल है, उसने हमारी जेब को ही नहीं, हमारी मुद्रा को भी हल्का कर दिया है। डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत इस समय सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। महंगाई के कारण जब से अमेरिका के फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरें बढ़ाई हैं, संस्थागत विदेशी निवेशक भारत से पैसा निकालकर अमेरिका में लगाने लगे हैं, इससे हमारे शेयर बाजार भी गोता लगा रहे हैं और रुपया भी। इस सबके कारण भले ही आयातित हों, लेकिन अंततः इन मुसीबतों से किसी भी सरकार को घरेलू स्तर पर ही निपटना होता है। उन लोगों की मदद भी सरकार की जिम्मेदारी ही होती है, महंगाई जिनके पोषण स्तर को कम कर देती है। जैसे महामारी भले ही बाहर से आई, उससे घरेलू स्तर पर ही लड़ना पड़ा था, महंगाई से भी हमें वैसे ही निपटना होगा।

## कट्टरपंथी राजनीति के खतरे

भारत की राजनीति में हर समय कुछ कट्टरपंथी ताकतें रही हैं। कुछ नेता रहे हैं, जो कट्टरपंथी राजनीति करते रहे और चुनाव जीतते-हारते रहे। लेकिन कभी भी उनके बारे में गंभीरता से विचार करने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि ऐसी ताकतें हमेशा हाशिए में रहीं यानी फ्रिंज एलीमेंट्स की तरह रहीं। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि हाशिए पर की ताकतें राजनीति के मध्य यानी केंद्र बिंदु की तरफ बढ़ रही हैं। फ्रिंज की राजनीति ही मुख्यधारा बन रही है। कई चुनावों और उपचुनावों के नतीजों से इसके संकेत मिले हैं तो देश के अलग अलग हिस्सों में हो रही घटनाएं भी बता रही हैं कि राजनीति इसी दिशा में बढ़ रही है। अगर राजनीति में सर्वोच्च स्तर से और सामूहिक रूप से इसे रोकने का प्रयास नहीं किया गया तो यह खतरा बहुत जल्दी नासूर बन जाएगा।

राजस्थान के उदयपुर में एक हिंदू दर्जी की गला काट कर हत्या करने और उसका वीडियो बना कर सोशल मीडिया में डालने की घटना राजनीति की कट्टरपंथी दिशा बताने वाली एक प्रतिनिधि घटना है। तभी जब इस घटना के बाद राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि वे तुरंत राष्ट्र को संबोधित करें और शांति की अपील करें तो वह एक स्वाभाविक और बहुत जरूरी मांग थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे बड़े और सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उनकी बात लोग सुनते हैं और मानते भी हैं। वे इस तरह की घटनाओं के सामाजिक नुकसान से परिचित हैं। याद करें जब उन्होंने गौरक्षकों को आपराधिक तत्व बताया था, तब एक समूह को यह बात बुरी लगी थी लेकिन उसके बाद से गौरक्षा के नाम पर होने वाली हिंसा कम हो गई या बंद हो गई। हालांकि ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री राजनीतिक फायदे के लिए सांप्रदायिक प्रतीकों का इस्तेमाल नहीं करते हैं। लेकिन उनको भी पता है कि उदयपुर की घटना भारत की राजनीति और समाज दोनों पर गहरा असर छोड़ने वाली है। इसलिए पहले ही उसके असर को समाप्त करने की पहल करनी होगी। जिस तरह से उन्होंने पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी से उपजे विवाद को शांत करने के लिए अपनी पार्टी के नेताओं पर कार्रवाई की थी उसी तरह का ठोस और त्वरित कदम उदयपुर की घटना के बाद भी उठाने की जरूरत है। इसके साथ ही यह भी समझने की जरूरत है कि ऐसी घटना क्यों हुई है? यह मौजूदा भारतीय राजनीतिक विमर्श की अनिवार्य परिणति है। भारत की राजनीति से निर्देशित होकर समाज ऐसी दिशा में बढ़ रहा है, जहां इस तरह की घटनाएं अनिवार्य रूप से होंगी। एक तरफ इस्लाम की सर्वोच्चता के नाम पर दूसरे धर्मों के प्रतीकों के अपमान की घटनाएं हैं तो दूसरी ओर हिंदू राष्ट्र के निर्माण के आह्वान के साथ ही इस्लाम और दूसरे धर्मावलंबियों के प्रति हिकारत का भाव बढ़ रहा है। राष्ट्रवाद के नाम पर एक पूरे धार्मिक समुदाय को गद्दार साबित करने का अभियान चल रहा है।

**अजीत द्विवेदी**

> " विश्वविद्यालय ने एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से 'आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ कार्यक्रम' शुरू किया है। 'स्वाबलंबी छत्तीसगढ़' का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में प्रवेश करने पर सीखने के अपार अवसर प्रदान करना है, और इस तरह से उन्हें वास्तविक जीवन का अनुभव कराना; कौशल बढ़ाने एवं क्षमता निर्माण के अवसर प्रदान करना; उनमें आत्मविश्वास उत्पन्न करना और एक ऐसा माहौल प्रदान करना है जो उन्हें उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित करे।

### उच्च शिक्षा संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) का कार्यान्वयन

# गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, सफलता की गाथा

प्रो. आलोक चक्रवाल, कुलपति, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) एक परिवर्तनकारी सुधार है, जिस पर बहुत अधिक चर्चा हुई है। इस नीति को राष्ट्र निर्माण की दिशा में बहुत सकारात्मक कदम कहा जा सकता है। यह नीति शिक्षार्थियों के बीच आर्थिक विकास और शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए ज्ञान को मूल्यवर्धन में बदलने की एक रूपरेखा है। इसका उद्देश्य, एक तरफ शिक्षार्थियों को 21वीं सदी के कौशल और नवाचार, महत्वपूर्ण समस्या समाधान, रचनात्मकता और डिजिटल साक्षरता से सुसज्जित करना है, जबकि दूसरी तरफ उन्हें प्राचीन भारतीय ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत के साथ प्रबुद्ध करना है। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (जीजीवी) में एनईपी-2020 को उसकी वास्तविक भावना के साथ लागू करना हमारी प्राथमिकता रही है। विश्वविद्यालय ने एनईपी-2020 के कार्यान्वयन के लिए कई पहलों की शुरुआत की है और चरणबद्ध तरीके से इसके विभिन्न आयामों को व्यवस्थित रूप से लागू करना शुरू कर दिया है।

विश्वविद्यालय के लिए, एनईपी-2020 के कार्यान्वयन का अर्थ अनिवार्य रूप से एनईपी-2020 में परिकल्पित विभिन्न विषयों पर आधारित इको-सिस्टम में और समग्र तरीके से शिक्षार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करना है। इस प्रकार, व्यक्तिगत ज्ञान, सामाजिक जुड़ाव और शिक्षार्थी की क्षमताओं में विस्तार, आर्थिक विकास में मूल्यवर्धन के माध्यम से ज्ञान परिवर्तन को सक्षम करना आदि प्राथमिक लक्ष्य रहे हैं। योजनाओं और लक्ष्यों को तैयार करने की रणनीति के तहत उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो शिक्षार्थियों को सक्षम बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करने का हमारा प्रयास रहा है कि शिक्षार्थी वैश्विक व राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रासंगिक कौशल प्राप्त करें और एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार करें, जो शिक्षार्थियों को बेहतर अवसर प्रदान करता हो।

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने एनईपी-2020 को अभिनव तरीके से लागू करने की यात्रा शुरू की है, जिसमें संकाय सदस्यों व हितधारकों ने विषयों पर विचार-विमर्श किया है और प्रसिद्ध विचारकों सहित राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ बातचीत के परिणामस्वरूप एनईपी-2020 को लागू करने के लिए रणनीतिक योजनाओं और लक्ष्यों को अंतिम रूप दिया गया है।



'परिणामोन्मुख उच्च शिक्षा को संस्थागत रूप कैसे दिया जाए', इस विषय पर लम्बी बहस के फलस्वरूप परिणाम-आधारित पाठ्यक्रम से ज्ञान-प्राप्ति की योजना का विकास हुआ है। यूजीसी के परिणाम-आधारित ज्ञान-प्राप्ति के पाठ्यक्रम की रूपरेखा (एलओसीएफ) को, एनईपी-2020 के अनुरूप बनाने के लिए संशोधित किया गया है। जीजीवी में संशोधित एलओसीएफ आधारित सीबीसीएस प्रणाली अब संचालन में है। तदनुसार, शिक्षार्थियों का मूल्यांकन; ज्ञान के क्षेत्र में उपलब्धियों, समझ में विस्तार, समस्या-समाधान दृष्टिकोण को विकसित करने, कौशल व मूल्यों के निर्माण तथा नवीन दृष्टिकोण विकसित करने के आधार पर किया जाएगा। रणनीतियों में शिक्षण-ज्ञान-प्राप्ति प्रक्रियाओं को एकीकृत करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग, एमओओसी/ओडीएल के माध्यम से पहुंच बढ़ाना, ओडीएल/ एमओओसी के लिए गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री विकसित करना आदि शामिल हैं।

एलओसीएफ आधारित स्नातक कार्यक्रम के जरिए अंतर्विषयक क्षेत्रों की पहचान की गई है और एक विभिन्न विषयों पर आधारित इकोसिस्टम विकसित किया गया है। सीखने के नतीजों के साथ पाठ्यक्रम का आकलन करके एलओसीएफ को सभी पूर्वस्नातक (यूजी) और व्यावसायिक कार्यक्रमों में लागू किया गया है। सभी पूर्वस्नातक (यूजी) कार्यक्रमों को विभिन्न विषय संबंधी विकल्पों की दृष्टि से पुनर्गठित किया गया है और परिणाम आधारित पाठ्यक्रम के उद्देश्यों (सीओ), कार्यक्रम के उद्देश्यों (पीओ) और कार्यक्रम आधरित विशिष्ट उद्देश्यों (पीएसओ) को शामिल करने हेतु सभी स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम को संशोधित किया गया है। पूर्वस्नातक (यूजी) कार्यक्रमों के पाठ्यक्रमों के 23 प्रतिशत हिस्से और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के पाठ्यक्रमों के 34 प्रतिशत हिस्से को प्रायोगिक ज्ञान से जुड़े घटकों के लिए लक्षित किया गया है।

अंतर्विषयक, विभिन्न विषय, एनएसएस/एनसीसी, योग, स्पोर्ट्स और भारत बोध कार्यक्रमों के पूर्वस्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों के जरिए शिक्षार्थियों के अनुभवों को समृद्ध किया गया है। इसी प्रकार, सभी स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में अध्ययन की अन्य पद्धतियों के खुले वैकल्पिक विषयों को शामिल किया गया है। साथ ही, सभी कार्यक्रमों में अनिवार्य इंटर्नशिप का प्रावधान किया गया है। कला, सामाजिक विज्ञान और वाणिज्य के छात्रों को 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से, पूर्वस्नातक (यूजी) कार्यक्रमों के लिए 51 नए योग्यता उन्नयन पाठ्यक्रम (एईसी), 41 कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम और विभिन्न मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इनमें वैशेषिक से भौतिकी, भारतीय गणित का इतिहास, भगवत गीता और रस विद्या सहित प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित नवीन पाठ्यक्रम शामिल हैं।

संविधान की अनुसूची-5 के तहत केंद्रीय जनजातीय इलाके में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की अवस्थिति को ध्यान में रखकर, विशेष तौर पर जनजातीय छात्रों और आम तौर पर वंचित वर्गों के छात्रों के लिए समानता, पहुंच और समावेशन की स्थिति में सुधार की दृष्टि से गंभीर प्रयास किए गए हैं। महिमा गुरु पीठ की स्थापना, राष्ट्रीय विद्रोह में भगवान बिरसा मुंडा के योगदानों के बारे में प्रकाशन, जनजातीय इलाकों के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों के योगदानों को मुख्यधारा में लाना कुछ ऐसी ही पहल हैं।

विश्वविद्यालय ने प्रवेश-निकास के विविध विकल्पों और एबीसी के प्रावधानों के साथ चार वर्ष की अवधि वाले डिग्री कार्यक्रम भी तैयार किए हैं। एबीसी के लिए यूजीसी के विनियमन और बहु प्रवेश/निकास प्रणाली को अपनाया गया है तथा एबीसी के तहत क्रेडिट ट्रांसफर से संबंधित नियमों को शामिल करते हुए प्रासंगिक अध्यादेशों में संशोधन, पाठ्यक्रम पंजीकरण आदि की प्रक्रिया को पूरा किया गया है। शिक्षण के साथ अनुसंधान एवं नवाचार का सामंजस्य बिठाने और गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (जीजीवी) को विश्वव्यापी मानकों के अनुरूप भविष्य के लिए तैयार एक उच्च शिक्षा संस्थान के रूप में रूपांतरित करने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर आधारित और समग्र इकोसिस्टम के लिए शैक्षणिक बुनियादी ढांचे में सुधार से संबंधित कई पहल की गई हैं।

एनईपी-2020 को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए न केवल विभिन्न स्तरों पर सटीक समझ एवं समन्वय की आवश्यकता है, बल्कि शिक्षकों की सशक्त भागीदारी और सक्रिय भूमिका भी अत्यंत जरूरी है। इस संबंध में संकाय की भूमिका को इस ओर पूरी तरह से उन्मुख करने एवं नए सिरे से परिभाषित करने के लिए कई सफल 'संकाय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम' शुरू किए गए हैं।


सीखने के मिश्रित तरीके के लिए संकाय के प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण और क्षमता निर्माण को बेहतरीन बनाया गया है। इसे दीक्षा/स्वयं, एनपीटीईएल जैसे प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा प्लेटफॉर्मों के अधिकतम उपयोग, और 'समर्थ' प्लेटफॉर्म के माध्यम से शैक्षणिक प्रक्रियाओं व परिणामों को बेहतर करने के लिए पर्याप्त प्रौद्योगिकी सहायता देकर संभव किया गया है।

भारतीय ज्ञान प्रणाली, भाषा, मूल्यों और संस्कृति को वर्तमान ज्ञान प्रणाली के साथ एकीकृत करने, जैसा कि एनईपी-2020 में विशेष जोर दिया गया है, के लिए विशिष्ट प्रयास शुरू किए गए हैं। शिक्षा को अधिक अनुभवात्मक बनाने के लिए अध्यापन सीखने की शिक्षा पद्धति का पुनर्गठन किया गया है। इसके लिए सभी पाठ्यक्रमों में 40 प्रतिशत अनुभवात्मक शिक्षण को शामिल किया गया है, जो कि वर्तमान में औसतन लगभग 23 प्रतिशत है। डिग्री कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम तैयार करके भारतीय ज्ञान प्रणाली को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है, कार्यक्रम के प्रत्येक पाठ्यक्रम में विषय आधारित विशिष्ट भारतीय मूल्य, भारतीय संस्कृति और भारतीय इतिहास शामिल हैं।

अंत में एक और महत्वपूर्ण बात। विश्वविद्यालय ने शिक्षा के माध्यम से 'स्वाबलंबी भारत' की दिशा में अहम योगदान देने के लिए 'स्वाबलंबी छत्तीसगढ़' नामक एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय ने एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से 'आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ कार्यक्रम' शुरू किया है। 'स्वाबलंबी छत्तीसगढ़' का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में प्रवेश करने पर सीखने के अपार अवसर प्रदान करना है, और इस तरह से उन्हें वास्तविक जीवन का अनुभव कराना; कौशल बढ़ाने एवं क्षमता निर्माण के अवसर प्रदान करना; उनमें आत्मविश्वास उत्पन्न करना और एक ऐसा माहौल प्रदान करना है जो उन्हें उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित करे।

# कन्नूर ने प्लास्टिक का एक-एक कतरा बीन लिया

पंकज चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार



एक जुलाई से सिंगल यूज पन्नी सहित 19 ऐसी वस्तुओं पर रोक लगा दी गई है, जिनके कारण देश में प्लास्टिक का बोझा बढ़ रहा था। वैसे यह पहली बार नहीं है कि प्लास्टिक कम करने की योजना बनी हो। याद कीजिए, अगस्त 2019 में मन की बात के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने पॉलीथिन व प्लास्टिक से देश को मुक्त करने का आह्वान किया था। गौरतलब है कि 2017 की मध्य प्रदेश सरकार की घोषणा हो या फिर दिल्ली से सटे गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पांच साल पहले चलाया गया सख्त अभियान, लोग मानते हैं कि पॉलीथिन थैली नुकसानदेह है, पर अगले ही पल कोई मजबूरी जताकर उसे हाथ में लिए चल देते हैं। ऐसे में, केरल का कन्नूर मॉडल देश को राह दिखा सकता है।

केरल के दक्षिण-पूर्व में स्थित तटीय शहर कन्नूर देश का ऐसा पहला शहर बन गया है, जहां अब कोई प्लास्टिक कचरा नहीं बचा है। केरल राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर, 2016 को जिले ने 'नलनाडु-नल्ला मन्नू' अर्थात 'सुंदर गांव-सुंदर भूमि' का संकल्प लिया था और पांच महीने में ही इसे साकार कर दिखाया। कन्नूर ने जब ठान लिया कि जिले को देश का पहला प्लास्टिक-मुक्त जिला बनाना है, तब सभी वर्ग के लोगों को साथ लिया गया। बाजार, रेस्तरां, स्कूल, एनजीओ, राजनीतिक दल आदि एकजुट हुए। समाज के हर वर्ग, खासकर बच्चों ने इंच-इंच भूमि से प्लास्टिक का एक-एक कतरा बीन लिया। नगर निकायों ने एकत्रित कचरे को ठिकाने लगाने की जिम्मेदारी निभाई।

इसके साथ ही, जिले में हर तरह की पॉलीथिन थैली, डिस्पोजेबल बर्तन व अन्य प्लास्टिक पैकिंग पर पूर्ण पाबंदी लगा दी गई। कन्नूर के 'नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफफैशन टेक्नोलॉजी' के छात्रों ने इवीनाबु बुनकर सहकारी समिति और कल्लेतेरे औद्योगिक बुनकर सहकारी समिति के साथ मिलकर बहुत कम दाम पर बेहद आकर्षक व टिकाऊ थैले बाजार में उतार दिए। सभी व्यापारिक संगठनों, मॉल आदि ने इन थैलों को रखना शुरू किया और आज पूरे जिले में कोई भी पॉलीथिन नहीं मांगता है। होटलों ने खाना पैक करवाकर ले जाने वालों को घर से टिफिन लाने पर छूट देना शुरू कर दिया और घर-घर आपूर्ति भी अब स्टील के बर्तनों में की जा रही है। ग्राहक सामान रखकर खाली बर्तन लौटा देते हैं।

असल में, कचरे को बढ़ाने का काम समाज ने ही किया है। अभी कुछ साल पहले तक स्याही वाला पेन होता था, उसके बाद ऐसे बॉल-पेन आए, जिनकी केवल रिफील बदलती थी।

आज बाजार में ऐसे पेन का बोलबाला है, जो स्याही खत्म होने पर कचरे में चले जाते हैं। तीन दशक पहले एक व्यक्ति साल भर में बमुश्किल एक पेन खरीदता था और आज औसतन हर साल एक दर्जन पेन की प्लास्टिक प्रति व्यक्ति बढ़ रही है। अनुमान है, पूरे देश में हर रोज चार करोड़ दूध की थैलियां और दो करोड़ पानी की बोतलें कूड़े में फेंकी जाती हैं। न जाने कितने तरीकों से हम कचरा बढ़ा रहे हैं।

कन्नूर और केरल ने इन समस्याओं को ठीक से समझा। वहां इंक पेन इस्तेमाल का अभियान चलाया गया। आदेश निकालकर सभी सरकारी दफ्तरों में बॉल पॉइंट वाले पेन पर पांबदी लगा दी गई। अब सरकारी खरीद में भी केवल इंक पेन खरीदे व इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इंक पेन और स्याही पर भी छूट दी जा रही है। अनुमान है कि यदि पूरे राज्य में यह योजना सफल हुई, तो प्रतिदिन पचास लाख प्लास्टिक पेन का कचरा पर्यावरण में मिलने से रह जाएगा। राज्य सरकार के कार्यालयों में स्टील के बर्तनों में ही पानी की व्यवस्था होने लगी है। सरकारी आयोजनों में फ्लेक्स बैनर पर रोक है। प्रत्येक कार्यालय में कचरे को अलग-अलग करना, कंपोस्ट बनाना, कागज के कचरे को रिसाइकिल के लिए देना और बिजली व इलेक्ट्रॉनिक कचरे को प्रत्येक तीन महीने में वैज्ञानिक तरीके से ठिकाने लगाने की योजनाएं जमीनी स्तर पर बेहद कारगर रही हैं।

वाकई, प्लास्टिक से मुक्ति कठिन नहीं है। हमने देखा है कि बीते आठ साल में आम लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हुए हैं, लेकिन जरूरत है इस दिशा में सतत कार्य करने की।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



सुन जरा,
रूक जरा,
अभी समय है
वक्त तू ठहर
जरा।

-अंजली जैन
7024460938


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

Sanitary And Pipes Shop
Shree Hanuman Enterprises
Deals In: Sanitary, Hardware, PVC and CPVC Pipes, Water Tanks & Kitchen Sinks etc.
Deepak Kumar Shrivastava
7771831789
7974777438
Meenakshi Nagar, Beside of New Culcutta Sweets, Borsi Road, Durg (C.G.)-491001

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196


महक सेनीटेशन

आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरूम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी

पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

A quality Digital Photoshop
Laxmi photo studio
Adarsh Nagar, DURG (C.G.)
9039553151, 9993564499
E-mail - laxmistudio2004@gmail.com

लक्ष्मी ज्वेलर्स

कुशल
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



### खुर्सीपार में बैकलेन और नाली की सफाई पर रहेगा विशेष जोर

# नागरिक अपनी सहभागिता से करें अपने आस-पास के क्षेत्र का कायाकल्प- कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने खुर्सीपार का दौरा किया। जहां उन्होंने वार्ड क्रमांक 29, वार्ड 30 में सफाई व्यवस्था को लेकर, वार्ड 33 बापू नगर जोन -02, वार्ड 49 (सुभाष मार्केट) और वार्ड 50 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड के लोकल नागरिकों से वार्ड की समस्याओं को लेकर गहन चर्चा की। जिसमें नालियों के ब्लाक होने, नाली के पाईप लाईन में रिसाव और कचरे की डंपिंग को लेकर समस्यायें सामने आई। जिस पर कलेक्टर ने वहां उपस्थित संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में लगातार मॉनीटरिंग कर युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिये।



उन्होंने अधिकारियों को सभी समस्याओं को चिन्हीत कर एक प्रोपर लेआउट बनाने के लिए कहा और समस्या के अनुरूप छोटे-छोटे टार्गेट सेट कर स्थायी कार्य करने का अपना सुझाव दिया। उन्होंने उपस्थित वार्डवासियों से सहभागिता के माध्यम से अपना योगदान देने के लिए भी कहा ताकि आसपास के क्षेत्र का कायाकल्प हो सके। कचड़े के बेहतर प्रबंधन के लिए उन्होंने वार्डवासियों को कचड़ा लेने आने वाली गाड़ी में ही घरेलु अवशिष्ट पदार्थों को डंप करने के लिए कहा।

अपने निरीक्षण के दौरान कलेक्ट ने पाया कि वार्ड में स्थित खाली जगह को लोग डंपिंग यार्ड के रूप में तबदील कर रहे है। इसलिए उन्होंने उपस्थित जोन कश्निर और अन्य संबंधित अधिकारियों को इस स्थानों के सौंदर्यीकरण के लिए इनका घेराव कर इसमें वृक्षारोपण करने के लिए कहा।

गोकुल नगर की महिलाओं द्वारा कलेक्टर को वहां के सार्वजनिक शौचलय की समस्या से अवगत कराया गया। जिस पर कलेक्टर ने क्षेत्र के सुपरवाईजर को इसके शीघ्र मेंटेनेंस के निर्देश दिये। वार्ड के आम सड़कों पर कई स्थानों में निरीक्षण के दौरान घेराव की स्थिति दिखी। जिस पर कलेक्टर ने प्रथमा समझाइश के माध्यम से इसका निपटारा करने की बात कही और बात न मानने की स्थिति पर घेराव करने वाले असामाजिक तत्वों पर अर्थदंड लगाये जाने के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने जोन कमिश्नर को नालियों के ब्लॉकेज से छुटकारा पाने के लिए नालियों के लेवलिंग करने की सलाह दी। इसके साथ साथ उन्होंने नालियों के लिए बनाये गये खुले चेंबरों में कोई पशु आहात न हो इसके लिए नालियों के चेंबर को सीमेंट्रीकृत ढक्कन से ढकने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर लोकेश चंद्राकर आयुक्त, भिलाई निगम उपस्थित थे।

### घर-घर पहुंचेगा पौधा

# पौधों का वितरण नहीं उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी ले पार्षद- महापौर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** शासन की योजना 'वन होम वन ट्री' की शुरूआत रिसाली नगर पालिक निगम क्षेत्र में महापौर शशि सिन्हा ने की। उन्होने लगभग 2000 पौधों का पहला खेप पार्षदों के लिए रवाना किया। वार्ड पार्षद पौधों को घर-घर पहुंचाऐंगे।

रिसाली नगर पालिक निगम की महापौर शशि अशोक सिन्हा ने सभी वार्ड के पार्षदों से आहव्हन किया है कि वे पौधों को घरों तक पहुंचाए। इसके बाद नागरिक पौधों को लगाए है कि नहीं इसकी निगरानी भी करे। महापौर ने कहा कि पार्षदों की गिनती वार्ड के प्रथम नागरिक के रूप में होती है। इसलिए वे प्रथम नागरिक की भूमिका को समझे और वन होम वन ट्री अभियान को सफल बनाने में मद्द करे। उन्होंने दशहरा फुटबॉल ग्राउंड के निकट वन होम वन ट्री अभियान की शुरूआत करते महापौर परिषद के सद्स्यों को पौध वितरण किया। महापौर ने निगम कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे पार्षदों को डिमांड के अनुसार पौध उपलब्ध कराए।



#### फुटबॉल ग्राउंड में रोपे पौधे

महापौर ने कहा टाउनशिप क्षेत्र के अलावा निगम क्षेत्र के शेष हिस्से में हरियाली कम है। जनप्रतिनिधि लोगों को पौध भेटकर उसे लगाने प्रोत्साहित करे। महापौर के अलावा सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सनीर साहू, चन्द्रभान ठाकुर, परमेश्वर, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, पार्षद जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, रेखा देवी के अलावा आदिवासी मातृशक्ति संगठन की अखलेश मरावी, चन्द्रकला तारम, नितिन, भूनेश्वरी उइके, किर्ती ठाकुर, लोकेश्वरी ध्रूव आदि ने फुटबॉल ग्राउंड में पौध रोपण किया।

आयुक्त आशीष देवांगन ने कहा है कि पहले चरण में डिमांड के अनुसार घर-घर पौध पहुंचाने पार्षदों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके बाद निगम प्रशासन स्कूलों और सामाजिक संगठनों को आवश्यकता के अनुसार पौध उपलब्ध कराएगा।

## खास खबर

### बस्तरिया कला, संस्कृति के संरक्षण का केंद्र बादल एकेडमी बनेगा पर्यटन हब - कलेक्टर

**जगदलपुर।** बस्तरिया कला, संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए आसना में स्थापित बादल एकेडमी पर्यटन हब बनेगा। आज बस्तर एकेडमी ऑफ डान्स आर्ट एंड लिटरेचर बादल में चंदन कुमार कलेक्टर की अध्यक्षता एवं रोहित व्यास मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा समस्त समाज प्रमुख और बादल स्टाफ की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक के आरंभ में पारंम्परिक विधि से समाज प्रमुखों एवं बादल स्टाफ द्वारा कलेक्टर का स्वागत किया गया। बदल की सहायक प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा सरोज द्वारा बादल के उद्वेश्यों एवं समाज प्रमुखों की बादल में भूमिका की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा जनजातीय समाज में शादी के प्रकारों का अभिलेखीकरण किया जाना है। उन्होने कहा बादल को एकेडमी के साथ-साथ पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाना है। बस्तर दशहरा की रस्मों का फिल्मांकन एवं दशहरा में उपयोग किए गए रथ को बादल में रखकर प्रदर्शन करने की बात कही । इसके पश्चात बस्तर व्यंजन और शिल्पकला को आगे बढाने और बस्तरिया पेय पदार्थ के माध्यम से पर्यटकों को आकर्षित करने की बात कही। इसके पश्चात समाज प्रमुखों से सुझाव आमंत्रित किए गए। समाज प्रमुखों द्वारा बस्तरिया खिलौने को विकसित करने एवं बादल की गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु महिला समिति का गठन करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर हितेश बघेल, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त विवेक दलेला तथा जनजातीय समाज से गंगाराम कश्यप, जितेंद्र शार्दुल, लैखन बघेल, बाबूलाल मुंडा, सामूराम मौर्य, हिरमो वट्टी आदि उपस्थित थे।

# मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने किया विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**ग्राम टेमाबुजुर्ग में 05 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से उच्च स्तरीय पूल निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों की दी सौगात**

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने आज बालोद जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम चिखली, ठेमाबुजुर्ग और आमाडुला में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर ग्रामीणों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने ग्राम ठेमाबुजुर्ग में 05 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से तांदुला नदी पर उच्च स्तरीय पूल निर्माण का भूमिपूजन किया। इसके अलावा उन्होंने ग्राम चिखली में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन के अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथा नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम आमाडुला में 17.20 लाख रूपए की लागत के हाईस्कूल भवन जीर्णोद्धार कार्य, 15.52 लाख रूपए की लागत के पेयजल पाईप लाईन विस्तार कार्य और 08.92 लाख रूपए की लागत के व्यावसायिक परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।



मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने ग्राम चिखली, ठेमाबुजुर्ग और आमाडुला में किया विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण श्रीमती भेंड़िया ने ग्राम भर्रीटोला में महिला स्वसहायता समूह के विभिन्न क्रियाकलापों के लिए कलस्टर भवन निर्माण की घोषणा के अलावा ग्राम आमाडुला में गोंडवाना सामुदायिक भवन एवं कलामंच निर्माण के साथ-साथ मरीजों को समय पर स्वास्थ्य केन्द्र तक सुरक्षित पहुॅचाने हेतु 102 वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की घोषणा भी की। इसके अलावा श्रीमती भेंड़िया ने ग्राम ठेमाबुजुर्ग एवं आसपास के ग्रामों के 40 जरूरतमंद लोगों को स्वेच्छा अनुदान के रूप में 06 लाख 40 हजार रूपए की राशि का चेक भी वितरण किया। उन्होंने वहॉ 02 हितग्राहियों को शासन की मोंगरी योजना के तहत् मछली जाल और आईस बॉक्स प्रदान कर लाभान्वित किया।

ग्राम ठेमाबुजुर्ग से भर्रीटोला मार्ग में तांदुला नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण इस क्षेत्र के लोगों की बरसों पुरानी मॉग थी। जिस पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए ग्राम ठेमाबुजुर्ग में अपने आगमन के कुछ महिनों के पश्चात् इस उच्च स्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही शीघ्र ही पुल निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। श्रीमती भेंडिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के हर वर्ग के विकास एवं हितों की रक्षा के लिए कृतसंकल्पित है, जिसके चलते लगभग चार वर्षों के कार्यकाल में राज्य ने विकास के नए प्रतिमान गढ़े हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के विषम परिस्थितियों में भी राज्य में विकास कार्य बाधित नहीं हुआ तथा सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी कार्य निरंतर जारी रहा। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि किसानों, ग्रामीणों एवं मजदूरों की हितों की रक्षा करना छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल स्वयं किसान पुत्र हैं जिसके कारण वे किसानों की वास्तविक जरूरतों को भलीभांति समझते हैं। इसके फलस्वरूप ही उन्होंने 2500 रूपए प्रति क्विंटल धान की खरीदी एवं किसानों के ऋणमाफी जैसे साहसिक निर्णय लिया था। इस अवसर पर जनपद पंचायत डौण्डी की अध्यक्ष श्रीमती बंसती दुग्गा, उपाध्यक्ष श्री पुनीत राम सेन, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चन्द्रप्रभा सुधाकर, कृषि उपज मंडी बालोद के भारसाधक समिति के अध्यक्ष भोलाराम देशमुख, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# गोधन न्याय योजना में अब तक 283 करोड़ 10 लाख रूपए का हो चुका है भुगतान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 07 जुलाई को रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से गोधन न्याय योजना के तहत पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को 10 करोड़ 84 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी करेंगे, जिसमें 15 जून से 30 जून तक राज्य के गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय किए गए गोबर के एवज में 3.69 करोड़ रूपए भुगतान, गौठान समितियों को 4.31 करोड़ और महिला समूहों को 2.84 करोड़ रूपए की लाभांश राशि शामिल हैं। गोधन न्याय योजना अंतर्गत अब तक हितग्राहियों को 283 करोड़ 10 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है। 07 जुलाई को 10.84 करोड़ के भुगतान के बाद यह आंकड़ा 293 करोड़ 94 लाख रूपए हो जाएगा।

गोधन न्याय योजना देश-दुनिया की इकलौती ऐसी योजना है, जिसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य के गौठानों में 2 रूपए किलो की दर से गोबर की खरीदी की जा रही है। गौठानों में 15 जून तक खरीदे गए गोबर के एवज में गोबर बेचने वाले ग्रामीणों को 147.06 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है। 07 जुलाई को गोबर विक्रेताओं को 3.69 करोड़ रूपए का भुगतान होने के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 150.75 करोड़ रूपए हो जाएगा। गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को अब तक 136.04 करोड़ रूपए राशि की भुगतान किया जा चुका है। 07 जुलाई को गौठान समितियों को 4.31 करोड़ तथा स्व-सहायता समूह को 2.84 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 143.19 करोड़ रूपए हो जाएगा।

गौठानों में महिला समूहों द्वारा गोधन न्याय योजना के अंतर्गत क्रय गोबर से बड़े पैमाने पर वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट प्लस एवं अन्य उत्पाद तैयार किया जा रहा है। महिला समूहों द्वारा 16 लाख 43 हजार क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट तथा 5 लाख 14 हजार क्विंटल से अधिक सुपर कम्पोस्ट एवं 18 हजार 924 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट प्लस खाद का निर्माण किया जा चुका है, जिसे सोसायटियों के माध्यम से शासन के विभिन्न विभागों एवं किसानों को रियायती दर पर प्रदाय किया जा रहा है। महिला समूह गोबर से खाद के अलावा गो-कास्ट, दीया, अगरबत्ती, मूर्तियां एवं अन्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय कर लाभ अर्जित कर रही हैं।

# सेंट थॉमस महाविद्यालय के छात्रों ने जीता राष्ट्रीय स्तर पर सांख्यिकी क्विज़ प्रतियोगिता में नगद पुरस्कार

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय फील्ड प्रक्रिया डिवीजन, रायपुर द्वारा सांख्यिकीय मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर क्विज़ प्रतियोगिता अन्वेषा 2022 का आयोजन नवीन सर्किट हाउस रायपुर में आयोजित किया गया।




राष्ट्रीय स्तर की इस क्विज़ प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सेंट थॉमस महाविद्यालय के वाणिज्य स्नातकोत्तर विभाग दो विद्यार्थियों नितेश श्रीवास्तव एम. कॉम. एवं कोमल कारिया बी. कॉम. ने प्रथम स्थान अर्जित करते हुए 5000 रूपये नगद पुरस्कार प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न राज्यों के टीमों के बीच कड़ा संघर्ष हुआ और अंत में सेंट थॉमस महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम. जी. रोईमोन ने कार्यक्रम के संयोजक डॉ सुनीता क्षत्रिय, महेंद्र इखार एवं विजेताओं को अपनी शुभकामनायें दी।

महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ जोशी वर्गीस ने विजेताओं को बधाई देते हुए आगे भी इसी प्रकार के प्रदर्शन की शुभकामनायें दी। महाविद्यालय के मैनेजर बिशप हिस ग्रेस डॉ. जोसेफ मार डायनोशियस ने भी दोनों विजेताओं को अपना आशीर्वाद दिया। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने इस उपलब्धि पर दोनों विजेताओं को अपनी शुभकामनायें दी।

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर

### छह सिंचाई योजनाओं के लिए 15.94 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश के छह सिंचाई परियोजनाओं के लिए 15 करोड़ 94 लाख 20 हजार रूपए स्वीकृत किए है। सरगुजा जिले के विकासखण्ड-बतौली की सेदम व्यपवर्तन योजना के नहर में पक्का चैनल निर्माण के लिए दो करोड़ 11 लाख 78 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 202 हेक्टयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड बतौली की सलियाडीह जलाशय के नहर में मिट्टी कार्य, पक्के संरचनाओं एवं पक्की चैनल निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 99 लाख 87 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 202 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

जशपुर जिले के विकासखण्ड-पत्थलगांव की तमता जलाशय योजना का जीर्णोद्धार कार्य के लिए पांच करोड़ 92 लाख 42 हजार रूपए रूपए स्वीकृत हुए है। योजना के पूरा होने से 1160 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड बगीचा की कोदोधारा जलाशय योजना के निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 24 लाख 62 हजार रूपए स्वीकृत हुए है। योजना के पूरा होने से 195 हेक्टेयर खरीफक्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। कोरिया जिले के खड़गंवा विकासखण्ड अंतर्गत उदनापुर जलाशय योजना के मुख्य नहर में सी.सी. नाली निर्माण नहर बेड की सफाई तथा बैंक की ऊंचाई बढ़ाने के कार्य के लिए दो करोड़ 61 लाख 32 हजार रूपए स्वीकृत हुए है। योजना के पूरा होने से 403 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। सूरजपुर जिले के विकासखण्ड-भैयाथान की चंदरपुर जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य के लिए एक करोड़ चार लाख 19 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजना के पूरा होने से 214 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 205.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 205.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज छह जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार जांजगीर चांपा जिले में सर्वाधिक 344.0 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 108.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 117.4 मिमी, सूरजपुर में 170.9 मिमी, जशपुर में 117.8 मिमी, कोरिया में 191.1 मिमी, रायपुर में 118.5 मिमी, बलौदाबाजार में 201.2 मिमी, गरियाबंद में 238.4 मिमी, महासमुंद में 205.3 मिमी, धमतरी में 177.3 मिमी, बिलासपुर में 261.3 मिमी, मुंगेली में 282.6 मिमी, रायगढ़ में 226.3 मिमी, कोरबा में 199.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 326.5 मिमी, दुर्ग में 172.8 मिमी, कबीरधाम में 205.5 मिमी, राजनांदगांव में 229.6 मिमी, बालोद में 264.9 मिमी, बेमेतरा में 167.3 मिमी, बस्तर में 212.5 मिमी, कोण्डागांव में 183.8 मिमी, कांकेर में 170.3 मिमी, नारायणपुर में 195.9 मिमी, दंतेवाड़ा में 177.3 मिमी, सुकमा में 174.4 मिमी और बीजापुर में 321.9 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### यूपीएससी द्वारा आयोजित कम्बाईण्ड मेडिकल सर्विस परीक्षा 17 जुलाई को

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित कम्बाईण्ड मेडिकल सर्विस परीक्षा 2022 की परीक्षा 17 जुलाई को दो पालियों में आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली सबेरे 9.30 बजे से 11.30 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित की जायेगी। परीक्षा में 496 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कलेक्टर ने परीक्षा के सुचारू संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री रूचि शर्मा, को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर नियुक्त किया है। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशानिर्देशानुसार सोशल डिस्टेंसिग सेनेटाइजेशन मास्क पहनना एवं सभी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

# नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को आमजनों के लिए सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा हैः डॉ. डहरिया

### करीब 28 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को आमजनों के लिए सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। इन क्षेत्रों में बुनियादी आवश्यकता के कार्य प्राथमिकता के साथ पूरे किए जा रहे हैं। आवागमन की सुविधा के लिए सड़क, शिक्षा व्यवस्था के लिए स्कूल, स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अस्पताल, शुद्ध पेयजल के लिए टेप नल सहित सभी मूलभूत सुविधाओं के कार्य किए जा रहे हैं। डॉ. डहरिया ने रायपुर जिले के नगर पालिका आरंग में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बाते कही।



डॉ. डहरिया ने नगर पालिका आरंग क्षेत्र के करीब 28 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 6 करोड़ 43 लाख 11 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और 21 करोड़ 64 लाख 12 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। लोकार्पित कार्यों में सामुदायिक भवन, सी.सी.रोड, नाली, शाला भवन, बाउण्ड्रीवाल सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार बस स्टैण्ड, खेल मैदान, शौचालय निर्माण, सीसी रोड, सांस्कृतिक भवन, नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री ने आगे कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए सभी मूलभूत कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं जा रहे हैं। आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित बाजार भी बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल में अध्ययन-अध्यापन के लिए अनुकूल वातावरण देने के लिए आरंग में करीब ढाई करोड़ की लागत से सर्व सुविधायुक्त नया बुनियादी शाला भवन बनाया गया है। डॉ. डहरिया ने बताया कि इस नव निर्मित स्कूल में 16 कमरे, लायब्रेरी हॉल, साईंस लैब, अहातायुक्त सुरक्षित कैम्पस और शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। सर्वसुविधा युक्त स्कूल भवन मिल जाने से छात्र-छात्राओं में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि बैहार में करीब तीन करोड़ रुपए की लागत से नवीन स्वामी आत्मानंद स्कूल भवन बनाया जा रहा है। शुद्ध पेयजलापूर्ति के लिए पाइप लाइन विस्तार कार्य किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए सड़क किनारे वृक्षारोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रशेखर चंद्राकर, कोमल साहू, विभिन्न समाज के पदाधिकारी, नगरीय निकाय के पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# उद्यानिकी फसलों में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा 15 जुलाई तक कराया जा सकता है

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छग शासन, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उद्यानिकी फसलों में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा कराने हेतु 15 जुलाई तक समय सीमा तय किया गया है।

उद्यानिकी फसलों की खेती कर रहे किसानों को विपरीत मौसम जैसे कम तापमान, अधिक तापमान, बीमारी अनुकूल मौसम, कीट व्याधियों का प्रकोप, कम या अधिक वर्षा की स्थिति निर्मित होना, ओला वृष्टि, चक्रवाती हवाएं आदि से उद्यानिकी फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा लागू की गई है।

खरीफ वर्ष 2022 में रायपुर जिला अन्तर्गत बीमा कराने वाले कृषकों को अधिसूचित फसल के अनुसार निर्धारित ऋणमान का 5 प्रतिशत प्रीमियम राशि कृषक अंश के रूप में ऋणी एवं अऋणी दोनों प्रकार के कृषकों को जमा करने होंगे। खरीफ 2022 मौसम हेतु टमाटर, केला, बैंगन, मिर्च, अदरक, पपीता एवं अमरूद अधिसूचित फसल हैं। अऋणी कृषक फसल लगाने का प्रमाण पत्र, नक्शा, खसरा, आधार कार्ड अपने बैक पासबुक की छायाप्रति जिसमें आईएफएससी कोड, शाखा, खाता क्रमांक इत्यादि का स्पष्ट उल्लेख हो, जमा कर बीमा करा सकते हैं।

बीमा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए बीमा कंपनी बजाज एलायंज जनरल इंश्योरेंस कंपनी के जिला स्तर पर अधिकृत संतोष कुमार (मो. नं. 91563-16735) एवं विकासखण्ड स्तर पर अधिकृत धरसींवा के लिए तुकाराम (मो. नं 9109533975) तिल्दा के लिए कुलेश्वर चौहान (मो. नं. 7987171653), आरंग के लिए विनय वर्मा ( मो. नं. 7440338737) एवं अभनपुर के लिए विनोद कुमार साहू ( मो. नं. 9575235113) से संपर्क किया जा सकता है।

इसी तरह उद्यान विभाग के विकासखण्ड अधिकारियो धरसींवा विकासखण्ड़ हेतु परमजीत सिंह गुरूदत्ता ( मो. नं. 76940-40000), तिल्दा हेतु एन.के. सरकार (मो. नं. 94252-02821), आरंग के लिए व्हीके ठाकुर (62643-36541) एवं अभनपुर के लिए बीपी नायक ( मो. नं. 62645-44933) से भी संपर्क किया जा सकता है।

उद्यान विभाग जिला रायपुर के उपसंचालक ने बताया कि बीमा कराने हेतु च्वाईस सेंटर, बजाज एलायंज जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि, लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा एवं सहकारी समिति को अधिकृत संस्था बनाया गया है।

### खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में किसानों से 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य

# पुराने बारदानें से भी की जाएगी धान की खरीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में प्रदेश के पंजीकृत किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आज मंत्रालय महानदी भवन स्थित समिति कक्ष में धान खरीदी के लिए गठित मंत्री-मण्डलीय उप समिति की बैठक खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में इस वर्ष किसानों से समर्थन मूल्य पर 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुराने बारदानों से धान खरीदी की जाएगी। साथ ही किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी के लिए उपार्जन केन्द्रों की स्थिति तथा पहले से ही बारदाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विचार-विमर्श की गई। बैठक में मंत्रियों ने पिछले वर्ष की गई सुगमतापूर्वक धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग व्यवस्था के लिए अधिकारियों को बधाई दिए। बैठक में मंत्री मंडलीय उप समिति के सदस्यगण कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रविन्द्र चौबे, वन एवं परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर और उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल शामिल हुए।



#### पिछले वर्ष पंजीकृत किसानों का पंजीयन होगा कैरीफारवर्ड

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष 24 लाख 6 हजार से अधिक किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया था, इस वर्ष नये किसानों का पंजीयन पिछले वर्ष की तरह ही एक जुलाई से 31 अक्टूबर तक किया जाएगा। खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में पंजीकृत किसानों का पंजीयन ऑटोमैटिक कैरीफारवर्ड हो जाएगा। बैठक में उपार्जन केंद्रों की स्थिति, बारदाने की उपलब्धता, धान खरीदी व्यवस्था, कस्टम मिलिंग एवं धान परिवहन, संग्रहण, भंडारण तथा रख-रखाव के संबंध में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

मंत्री-मण्डलीय उप समिति की बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पिछले खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में राज्य सरकार द्वारा 105 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा था, जिसके विरूद्ध रिकार्ड 97.98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। लगभग शत-प्रतिशत धान का उठाव हो गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर धान खरीदी के साथ-साथ तेजी से कस्टम मिलिंग का कार्य भी जारी रहा। इसका सफलतापूर्वक परिणाम आया। केन्द्रीय पूल में अब तक रिकार्ड 50.72 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है। केवल 14 लाख मीट्रिक टन चावल जमा करना ही शेष है।

बैठक में किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी के लिए बारदानों के व्यवस्था के लिए विस्तार से भी चर्चा की गई। पिछले वर्ष धान खरीदी लक्ष्य 105 लाख मीट्रिक टन के अनुरूप 5.25 लाख गठान बारदानें की जरूरत थी, आगामी खरीफ वर्ष 2022-23 में 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है, इसके लिए 5.50 लाख गठान जूट बारदानें की जरूरत पड़ेगी। मंत्रियों ने कहा कि केन्द्रीय मंत्रालय से पत्रव्यवहार कर धान खरीदी के पहले ही बारदानें की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

बैठक में खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा, संचालक नागरिक आपूर्ति निगम निरंजन दास, संचालक मार्कफेड किरण कौशल, राजस्व सचिव नीलम एक्का सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# वन अधिकार पत्र धारकों और विशेष रूप से जनजातीय समूह को मिले विभागीय योजनाओं का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वन अधिकार पत्र धारकों एवं विशेष रूप से जनजातीय समूह को विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिलों के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मनरेगा के परियोजना अधिकारी एवं सहायक परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए गए। वन अधिकार पत्र अधिनियम, 2006 एवं नियम 2007 (यथा संशोधित नियम 2012) के उचित क्रियान्वयन के संबंध में आज मंत्रालय, महानदी भवन में वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। यह बैठक वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत वन अधिकार पत्र धारकों को उनके भूमि विकास एवं अन्य विभागीय योजनाओं से अभिसरण करते हुए कार्ययोजना निर्माण एवं कार्य स्वीकृति के संबंध में आयोजित की गई।

बैठक में आयुक्त आदिम जाति विभाग शम्मी आबिदी, आयुक्त मनरेगा मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने बैठक में इस वित्तीय वर्ष में वितरित व्यक्तिगत् वन अधिकार पत्र धारकों को मनरेगा के तहत् लक्ष्य निर्धारित करते हुए चरणबद्ध तरीके से कार्य स्वीकृत किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिन 17 जिलों में विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह निवासरत हैं और उन्हें वन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं, उन्हें भी मनरेगा से जोड़ते हुए उनके आजीविका संवर्द्धन पर अभिसरण के माध्यम से कार्य कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इसके अलावा सामुदायिक वन अधिकार और सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्राप्त ग्रामों में भी गठित सामुदायिक वन संसाधन संरक्षण एवं प्रबंधन समिति, इन ग्रामों में गठित क्लस्टर लेवल फेडरेशन के माध्यम से सामुदायिक वन संसाधन क्षेत्र पर मनरेगा के तहत स्वीकृत सामुदायिक कार्यों के लिए प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए गए।

# ट्रिपलआईटी में एनएसएस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में छात्रों का सम्मान

**रायपुर ( ए )।** ट्रिपलआईटी नया रायपुर में नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) यूनिट ने 2021 के बीटेक बैच के लिए एनएसएस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें नए एनएसएस स्वयंसेवियों को समाज सेवा एवं व्यक्तिगत विकास के लिए एनएसएस द्वारा दिए जाने वाले बेहतरीन अवसरों के बारे में बताया गया।



एनएसएस यूनिट के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. लखिंदर मुर्मू ने बताया कि एनएसएस इकाई ने एक युवा इकाई होने के बावजूद एनएसएस के अभियानों, कार्यक्रमों और राष्ट्रीय शिविरों में पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर अपना बहुमूल्य योगदान दिया। समाज में वंचितों के लिए स्वच्छता व शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्रिपलआईटी की एनएसएस इकाई द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में भी बताया।

डायरेक्ट डॉ. प्रदीप सिन्हा ने जीवन में सफलता की ओर बढ़ते हुए एक अच्छा मनुष्य बनने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान व कौशल का उपयोग समाज कल्याण के लिए करने का आह्वान किया। मौके पर एनएसएस की संयोजक डा. नीता बाजपेई, ट्रिपलआईटी नया रायपुर के डीन (शोध एवं विकास) डॉ. पुण्य पलटनी, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता वरिष्ठ एनएसएस स्वयंसेवी सत्येंद्र साहू और राज्य पुरस्कार विजेता वरिष्ठ एनएसएस स्वयंसेवी, निखिल कुमार ने हिस्सा लिया।





नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# 'लाइगर' में विजय के लुक की कहानी: फिल्म के लिए एक्टर ने 1 साल तक की कड़ी मेहनत

साउथ के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा ने हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म 'लाइगर' से अपने लुक की एक झलक सोशल मीडिया पर दिखाई। उनका ये लुक काफी हैरान करने वाला था। विजय के पर्सनल ट्रेनर कुलदीप सेठी की माने तो इस लुक के पीछे विजय ने तकरीबन एक साल तक कड़ी मेहनत की है। ट्रेनर ने बताया कि फिल्म 'लाइगर' में एक मुक्केबाज की भूमिका निभाना, उनके लिए मानसिक और शारीरिक दोनों ही रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण रहा है। फिल्म में उन्होंने मुंबई की झुग्गी बस्ती में रहने वाले एक ऐसे शख्स की भूमिका निभाई है, जो एमएमए (मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स) चैंपियनशिप में भाग लेता है।




### 'लाइगर' के लिए विजय ने खुद को पूरी तरह से बदला

सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर कुलदीप सेठी ने बताया, विजय आमतौर पर एक दुबले और टोंड लुक को स्पोर्ट करते हैं, लेकिन 'लाइगर' के लिए उन्होंने खुद को पूरी तरह से बदल लिया है। फिल्म के लिए उन्होंने एक साल से ज्यादा कड़ी ट्रेनिंग की थी। विजय ने दिसंबर 2020 में अपनी ट्रांसफॉर्मेशन की जर्नी शुरू की थी। हालांकि, 3-4 महीने की ट्रेनिंग के बाद लॉकडाउन की वजह से सारे जिम बंद हो गए और उन्हें होम वर्कआउट करना पड़ा था। जबकि, यह उनके शरीर के लक्ष्य के लिए बेहद सीमित था, लेकिन उन्होंने खुद को रोका नहीं।

### डेडिकेशन के साथ ट्रेनिंग करते थे विजय

ट्रेनर ने आगे बताया, विजय घर पर जो भी इक्विपमेंट्स हुआ करते थे, उससे ही वर्कआउट करते थे। यकीन मानिए, ये जर्नी आसान नहीं थी, लेकिन विजय ने सुनिश्चित किया कि वे अपनी प्रगति को बंद नहीं होने देंगे। लॉकडाउन के दौरान घर पर भी अपनी फिटनेस बनाए रखना सुनिश्चित करते थे। वे वॉलीबॉल, बैडमिंटन और क्रिकेट जैसी कई खेल गतिविधियों में शामिल हुए। इस तरह का डेडिकेशन वे अपनी ट्रेनिंग में भी देते थे। तकरीबन एक साल के बाद हमें फिल्म के लिए जैसा फिजिक चाहिए था, वैसा हासिल हुआ।

### विजय के लुक के लिए न्यूट्रिशन गेम चेंजर बना

कुलदीप ने आगे बताया की भले ही इस लुक के लिए ट्रेनिंग महत्वपूर्ण है, लेकिन न्यूट्रिशन उनका गेम चेंजर बना। इस बारे में वे कहते है, फैट लॉस के बाद, मांसपेशियों को पूर्ण दिखने के लिए कार्ब लोडिंग बहुत महत्वपूर्ण था। जब लाइगर में विजय देवरकोंडा जैसी काया हासिल करने की बात आती है तो कार्बोहाइड्रेट महत्वपूर्ण होते हैं और उन्हें सही तरीके से उपयोग करने की आवश्यकता होती है।

### विजय ने अपनी पूरी बॉडी पर काफी मेहनत की

ट्रेनर ने कहा, मैंने उनका पोषण भी बदल दिया था। कुछ समय के बाद मैंने उनके कार्ब्स कम किए और प्रोटीन, ढेर सारा फाइबर और पानी बढ़ा दिया। इस प्रोसेस में बहुत सारे लोग वाटर कटिंग करते हैं, लेकिन मैंने नहीं किया। हमने इसकी जगह शूटिंग वाले दिन ही वाटर कटिंग की और वह भी 50 फीसदी। अपने शरीर को इस तरह शानदार दिखाने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए। इसके लिए विजय ने अपनी पूरी बॉडी पर काफी मेहनत की है।

बातचीत के दौरान, कुलदीप ने खुलासा किया कि फिल्म की टीम ने लगभग एक साल पहले एक फोटो शूट किया था, जब विजय पहले से ही अच्छी फिजिक में थे, लेकिन इसके बावजूद एक्टर ने एक महीना फिर से ट्रेनिंग लेने का फैसला किया था। कुलदीप ने कहा, फोटोशूट के दौरान, विजय अच्छे आकार में थे, लेकिन इस पोस्टर के लिए, परिभाषा स्पष्ट होनी चाहिए थी। इसके लिए विजय ने फिर से ट्रेनिंग लेने का फैसला लिया।

### न्यूड फोटोशूट के लिए 21 दिन स्पेशल ट्रेनिंग की

कुलदीप ने कहा, विजय के कहने पर हमने ट्रेनिंग शुरू की और मैंने अचानक उनके वर्कआउट स्टाइल में थोड़ा बदलाव किया। फोटोशूट के लिए एक माइक्रो लुक होना जरूरी है, जिससे मसल्स दिख पाए, थोड़ा कट दिखना भी जरूरी है। इस फोटो के लिए उन्होंने तकरीबन 21 दिन तक फिर से ट्रेनिंग ली, पूरे न्यूट्रिशन को भी बदलना पड़ा था।

### विजय बहुत आज्ञाकारी स्टूडेंट हैं

ट्रेनर ने आगे कहा, मेरे जितने भी एक्टर स्टूडेंट हैं, उनमें से विजय सबसे ज्यादा आज्ञाकारी और अनुशाशन वाले व्यक्ति हैं। वो कभी भी हार नहीं मानते और ना ही कभी कोई सवाल करते हैं। यदि मैं उन्हें 2 सेट करने को कहूंगा, वे बिना कुछ कहे उसे करेंगे। यदि 10 सेट करने की सलाह दूं, तो तुरंत उसका पालन करेंगे। वो अपने आपको पूरी तरह से डेडिकेट करते हैं, जो बहुत इम्प्रेसिव है।

### रश्मिका की फिटनेस पर भी ट्रेनर ने डाली रौशनी

कुलदीप ने विजय के अलावा रश्मिका मंदाना को भी ट्रेनिंग दी है। बातचीत के दौरान कुलदीप ने उनके बारे में बताया, रश्मिका को वर्कआउट करना बहुत पसंद है, वो इसके लिए काफी पैशनेट हैं। वो बहुत वर्कआउट करती हैं, कभी-कभी तो दिन के 2 घंटे अपने बॉडी को डेडिकेट करती हैं।

रश्मिका मंदाना को लेकर कुलदीप ने आगे कहा, मैंने उन्हें सलाह दी थी की उन्हें थोड़ा आराम भी करना चाहिए। उनकी बॉडी को इतने ज्यादा वर्कआउट की जरूरत नहीं है। मैं उन्हें ज्यादा से ज्यादा एक घंटे का ट्रेनिंग सेशन देता हूं। वो बहुत एनर्जेटिक हैं। कुलदीप 2005 से साउथ के कई सुपरस्टार्स को ट्रेनिंग देते आ रहे हैं। वे चिरंजीवी, उनके बेटे राम चरण, अनुष्का शेट्टी, वरुण तेज, साईं धरम तेज, कल्याण राम, संदीप किशन आदि जैसे एक्टर्स का फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन का हिस्सा बने हैं।

### फिल्म में अनन्या पांडे भी आएंगी नजर

बता दें कि लाइगर फिल्म में विजय देवरकोंडा के साथ अनन्या पांडे भी नजर आएंगी। फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने डायरेक्ट किया है। ये विजय देवरकोंडा के करियर की पहली पैन इंडिया फिल्म है। जिसे मेकर्स ने बड़े पैमाने पर शूट किया है और जमकर प्रमोशन करने की तैयार में जुट गए हैं। फिल्म 25 अगस्त 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# शहद सिर्फ सयदेमंद नहीं, नुकसानदायक भी हो सकता है



शहद का सेवन वर्षों से कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ के लिए किया जाता रहा है। चीनी के विकल्प के रूप में हो या फिर कई प्रकार के घरेलू उपायों के तौर पर, आयुर्वेद और मेडिकल साइंस दोनों में शहद के विशिष्ट गुणों का जिक्र मिलता है। कई अध्ययनों में जिक्र मिलता है कि सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू के साथ शहद का सेवन करना आपकी सेहत के लिए विशेष लाभप्रद हो सकता है। शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने के साथ वजन घटाने के लिए इसका प्रयोग काफी लाभकारी माना जाता रहा है। पर क्या शहद के भी नुकसान हो सकते हैं? हाल ही में सद्गुरू ने शहद की विषाक्तता को लेकर सोशल मीडिया के एक पोस्ट में जिक्र किया है।

सद्गुरू कहते हैं, अगर सही तरीके से शहद का सेवन न किया जाए तो इसके कई प्रकार के नुकसान हो सकते हैं। विशेषकर शहद को किस तापमान पर रखा गया है, इसका बहुत प्रभाव होता है। मेडिकल साइंस में भी इस बात का जिक्र मिलता है कि कुछ स्थितियों में शहद, शरीर में विषाक्तता का कारण बन सकती है, जिसके कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा रहता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

सद्गुरू ने एक पोस्ट में बताया कि शहद को हमेशा ऐसे तापमान में रखना चाहिए जिससे यह सेवन के योग्य बना रहे। शहद के सेवन का सबसे अच्छा तरीका है इसे कच्चा यानी कि इसके स्रोत से खरीदा या निकाला जाता हो। यदि किसी पेय के साथ मिलाकर इसका सेवन करना चाहते हैं तो यह सुनिश्चित करें कि शहद मिलाने से पहले पेय को ठंडा किया जाए। आयुर्वेद भी बताता है कि गर्म चीजों में शहद मिलाकर इसका सेवन शरीर में विषाक्तता का कारण बन सकता है। इसके अलावा शहद का संयमित मात्रा में ही सेवन किया जाना चाहिए, इसके अधिक सेवन के कारण भी कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं।

### ब्लड प्रेशर की समस्या

शहद में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद करते हैं, लेकिन इसके ज्यादा सेवन से हाइपोटेंशन का खतरा बढ़ सकता है। यानी कि जो लोग इसका अधिक मात्रा में सेवन करते हैं उनमें समय के साथ लो ब्लड प्रेशर की समस्या का खतरा हो सकता है जिसे सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक माना जाता है। ब्लड प्रेशर के रोगियों को इस बारे में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

### बढ़ सकता है ब्लड शुगर

ब्लड प्रेशर की ही तरह ब्लड शुगर वाले लोगों के लिए भी शहद के संयमित सेवन की सलाह दी जाती है। शहद में चीनी और कार्बोहाइड्रेट होते हैं इसलिए जब आप शहद का अधिक मात्रा में सेवन करते हैं तो इसके कारण डायबिटीज रोगियों के लिए समस्याओं के बढ़ने का खतरा हो सकता है। यदि आप मधुमेह रोगी हैं, तो बिना डॉक्टरी सलाह के शहद या किसी भी मीठी चीज के सेवन से बचना चाहिए।

### दांतों की समस्या

बहुत अधिक मात्रा में शहद दांतों के सड़न को बढ़ावा दे सकता है। यूएसडीए नेशनल न्यूट्रिएंट डेटाबेस के अनुसार, लगभग शहद में लगभग 82 प्रतिशत चीनी होता है और यह आपके दांतों को नुकसान पहुंचाने के लिए काफी है। इसके अलावा, शहद प्रकृति में चिपचिपा भी होता है, जिसका अर्थ है कि यह आपके दांतों से चिपककर दांतों की सड़न को बढ़ावा दे सकता है। इसलिए शहद के सेवन के बाद दांतों की सफाई बहुत आवश्यक मानी जाती है।

# मेगा बजट फिल्मों की हुई वापसी: ऐश्वर्या की पोन्नियिन सेल्वान 500 करोड़ तो रणबीर की ब्रह्मास्त्र 300 करोड़ रुपए में बनी

भारत में हर साल लगभग 1500 से 2000 फिल्में रिलीज होती हैं। यह आंकड़ा दुनियाभर में सबसे ज्यादा है। कोरोना महामारी ने हर इंडस्ट्री की तरह फिल्म इंडस्ट्री को भी बुरी तरह प्रभावित किया था। एक तरफ जहां फिल्मों की शूटिंग रुक गई तो वहीं जो फिल्में रिलीज हुईं, उन्हें ऑडियंस न मिलने की वजह से नुकसान झेलना पड़ा।

इससे पहले कि बात करें तो ऐसी कम ही फिल्में बनाई जाती थी जिनका बजट 150 करोड़ तक जाता था। अब कोरोना के केस कम होने के बाद से देश में एक के बाद एक बड़ी बजट की फिल्में रिलीज हो रही हैं। तो चलिए जानते हैं ऐसी ही कुछ हाई बजट फिल्मों के बारे में जो रिलीज होने को तैयार हैं।

### शमशेरा


यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी 'शमशेरा' एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जो एक डकैत जनजाति और उनके लीडर की कहानी पर आधारित है। 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

### पोन्नियिन सेल्वान

'पोन्नियिन सेल्वान' फिल्म में साउथ के सुपरस्टार विक्रम, ऐश्वर्या राय बच्चन, कार्थी, जयम रवि जैसे कई एक्टर्स नजर आने वाले हैं। 500 करोड़ रुपये के बजट में बनी यह फिल्म साल 1955 में आई आर. कृष्णमूर्ति कल्कि की नॉवेल पर आधारित है। इस फिल्म को फिल्ममेकर मणिरत्नम का ड्रीम प्रोजेक्ट भी माना जा रहा है। मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया है। खबरों की माने तो इस फिल्म में ऐश्वर्या राय डबल रोल में नजर आने वाली हैं।

### आदिपुरुष

रामायण पर आधारित फिल्म 'आदिपुरुष' को 3डी में बनाया गया है। यह फिल्म पूरे 400 करोड़ रुपए में बनकर तैयार हुई है। फिल्म में प्रभास, कृति सेनन और सैफ अली खान लीड रोल में नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स की माने तो इस फिल्म में ज्यादातर वीएफएक्स का इस्तेमाल किया गया है, जिसे बनाने के लिए मेकर्स ने हॉलीवुड टेक्नीशियन को बुलाया गया है। इसी वजह से फिल्म का बजट इतना हाई है।



### टाइगर 3

सलमान खान की फेमस 'टाइगर' फ्रेंचाइजी फिल्म 'टाइगर 3' का लोगों को बेसब्री से इंतजार हैं। रिपोर्ट्स की माने तो इस फिल्म का बजट 200-225 करोड़ रुपए का है। 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'एक था टाइगर' ने 186 करोड़ रुपए और साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'टाइगर जिंदा है' ने 114 करोड़ रुपए से अधिक का कलेक्शन किया था, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी।

### बड़े मियां छोटे मियां 2

1998 में रिलीज हुई कॉमेडी एक्शन फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में अमिताभ बच्चन और गोविंदा की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इसी को देखते हुए मेकर्स इस फिल्म का रिमेक 'बड़े मियां छोटे मियां 2' के नाम से बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म के लिए अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ को लीड रोल के लिए साइन किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के लिए करीब 300 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है।

### ब्रह्मास्त्र

आर्यन मुखर्जी के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' लगभग 300 करोड़ रुपए में बनकर तैयार हुई है। एक इंटरव्यू में फिल्म को लेकर रणबीर कपूर ने कहा था कि 'इस फिल्म के जरिए वो भारत की मार्वल सीरीज बनाने की कोशिश कर रहे हैं।' इस फिल्म में रणबीर कपूर के अलावा आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, नागार्जुन और मौनी रॉय जैसे कई एक्टर्स नजर आने वाले हैं।

### पठान

'पठान' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म के जरिए शाहरुख करीब तीन साल बाद बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। यह फिल्म लगभग 250 करोड़ रुपए में बनकर तैयार हुई है। इस फिल्म में शाहरुख के साथ एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण भी नजर आने वाली हैं। वहीं जॉन अब्राहम विलेन का रोल प्ले करते नजर आएंगे।

# न्यूयॉर्क में कपिल शर्मा के शो हुए पोस्टपोन, पैसे हो रहे रिफंड



स्टैंड अप कॉमेडियन कपिल शर्मा इस समय अपनी पूरी टीम के साथ इंटरनेशनल टूर पर हैं। हाल ही में उन्होंने कनाडा में शो किया और अब इसके बाद उनका न्यूयॉर्क में शो था। कपिल का पहले 9 जुलाई को शो होने वाला था, लेकिन अब इसे पोस्टपोन कर दिया गया है। इस बात की जानकारी वहां के लोकल प्रमोटर सैम सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए शेयर कर दी है। लेकिन कपिल का शो वहां अब कब होगा, इसको लेकर उन्होंने कुछ नहीं बताया है।

### सैम ने बताया कि शो के पैसे रिफंड हो जाएंगे

सैम ने पोस्ट में लिखा, 'द कपिल शर्मा शो जो कि 9 जुलाई को Nassau Coliseum में और 23 जुलाई को क्यू इंश्योरेंस एरिना में होने वाला था, वो अब पोस्टपोन कर दिया गया है। ऐसा शो की शेड्यूलिंग को लेकर हुए विवाद की वजह से हो रहा है। कपिल के इन शोज के लिए खरीदी गई टिकट्स रीशेड्यूल डेट के लिए वैलिड होंगी। हालांकि, अगर आप रिफंड चाहते हैं, तो प्लीज जहां से टिकट ली थी वहां संपर्क करें।'

### नई डेट में होगा कपिल का शो

सैम से हाल ही में एक इंटरव्यू में शो को रीशेड्यूल करने की वजह पूछी गई, तो उन्होंने जवाब में कहा, 'ये हमारा आपसी फैसला है कि हम नई डेट पर शोज करेंगे। इसका किसी फेक केस से कोई लेना-देना नहीं है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XIth XIIth B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### मोर महापौर मोर द्वार : हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड में 290 एवं संत रामदास वार्ड में 370 कुल 660 मामले निराकृत

**रायपुर।** आज मोर महापौर मोर द्वार कार्यक्रम के तहत नौवें दिन का पहला शिविर निगम जोन 2 के हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड क्रमांक 36 के सुभाष नगर सामुदायिक भवन एवं दूसरा शिविर जोन 7 के संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 के कर्मा चौक रामनगर में लगाया गया। वार्ड 36 के शिविर में प्रदेष के वन, पर्यावरण, आवास, परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने वार्ड पार्षद अनवर हुसैन के अनुरोध पर पहुंचकर मंच से वार्डवासियों की समस्याएं सुनी एवं आवष्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये । आज दोनों वार्ड के शिविर में पहुंचकर महापौर एजाज ढेबर ने रायपुर उत्तर विधायक एवं छ.ग. राज्य गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह जुनेजा, छ.ग. राज्य योग आयोग अध्यक्ष व निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष ज्ञानेष शर्मा, एमआईसी सदस्य सर्व सुन्दरलाल जोगी, रितेश त्रिपाठी, आकाश तिवारी, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेष चन्नावार, शमषुल हसन नम्मू, सामाजिक कार्यकर्ता संजय पाठक, अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, जोन कमिश्नरगणों, कर्मचारियों की उपस्थिति में नागरिकों की समस्याएं सुनीं एवं उनका हरसंभव तरीके से त्वरित निदान अपने सामने मिनटों में करवाया।

### डेंगू के रोकथाम के लिए चलाई जाएगी मुहिम

**जगदलपुर।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को नगर निगम कार्यालय के सभाकक्ष में आयुक्त दिनेश कुमार नाग ने डेंगू के रोकथाम व बचाव के उद्देश्य से संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का आवश्यक बैठक लेकर डेंगू के रोकथाम और बचाव के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र के अधिकारियों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, युवोदय के स्वयंसेवक व युवा मितान सदस्य उपस्थित थे। आयुक्त दिनेश कुमार नाग ने शहर के 48 वार्डों के लिए डेंगू के रोकथाम व बचाव के लिए संयुक्त टीम का गठन कर वार्डो का घर घर जाकर सर्वे कर डेंगू के रोकथाम व बचाव के उपाय लोगों को बताने को कहा। आयुक्त ने स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर की टीम को शहर के शासकीय व निजी विद्यालयों में जाकर छात्र छात्राओं और युवा मितान सदस्य, बचाव के तरीके से अवगत को डेंगू रोग के रोकथाम व बचाव के उपाय के संबंध में जानकारी देने की अपील की।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक सच्चे देशभक्त थे : जेपी नड्डा

श्रीकंचपथ न्यूज



**नई दिल्ली ( पीआईबी ) ।** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने केंद्रीय कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर जगत प्रकाश नड्डा ने केंद्रीय कार्यालय में वृक्षारोपण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने की बात कही और कहां की वृक्ष लगाकर देश में पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है। जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता देश में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस मना रहे हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी महान राष्ट्रभक्त, महान देशभक्त, सांस्कृतिक राष्ट्वाद के द्योतक, महान शिक्षाविद् थे जिनका जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था। उनकी तीक्ष्ण बुद्धि और महान शिक्षाविद् का परिचायक है कि वे 33 वर्ष की उम्र में कलकत्ता विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर बन गए।

उनकी शिक्षा, प्रखर ज्ञान एव विद्वता का सारी दुनिया लोहा मानती है। डॉ. मुखर्जी 1929 में पहली बार बंगाल विधान सभा के सदस्य बने। 1930 में वैचारिक मतभेद को ध्यान में रखते हुए उन्होने इस्तीफा दे दी और तत्पश्चात वे फिर से शिक्षण कार्य में लग गए। नड्डा ने कहा कि 1940-41 में डॉ. मुखर्जी मजरूल हक के कैबिनेट में बंगाल के वित्त मंत्री बने।

वे बंगाल की बहुत सेवा की। आजादी के समय जब लगभग पूरा बंगाल और पंजाब पाकिस्तान में जाने की बात हो रही थी तब डॉ. मुखर्जी ने इस विषय को सबके सामने रखते हुए इसका प्रखर विरोध किया। डॉ. मुखर्जी के कारण बंगाल का एक हिस्सा आज देश में है जो आज पश्चिम बंगाल के रूप में हमलोग देख रहे हैं। नड्डा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के पहले कैबिनेट के सदस्य थे। वे उद्योग मंत्री बने और देश का पहल उद्योग नीति बनाकर लागू किया। उन्होंने खादी ग्राम उद्योग की स्थापना की। डॉ. मुखर्जी बहुत कम समय उद्योग मंत्री रहे और इस अल्प समय में उन्होंने औद्योगिक नीति से भारत को मजबूती प्रदान करने का काम किया। डॉ. मुखर्जी ने पंडित नेहरू के विचारों का विरोध करते हुए नेहरु कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की। भारतीय जनसंघ की स्थापना का कारण यह था कि पंडित नेहरू जी की तुष्टिकरण की नीति से वे दुखी, चिंतित और व्यथित थे। नड्डा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने कहा था कि पंडित नेहरू जी जो आप धारा 370 लगा रहे हैं वे देश के हित में नही है। उन्होंने नारा दिया कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेगा। इस बात को लेकर उन्होंने 11 मई को सत्याग्रह किया और वे जम्मू एवं कश्मीर में बिना परमिट लिए प्रवेश किया।

उन दिनों जम्मू एवं कश्मीर में जाने के लिए परमिट लेना अनिवार्य होता था। जम्मू एवं कश्मीर में प्रवेश करते हुए डॉ. मुखर्जी ने कहा था कि यह देश की धरती है यहां आने-जाने के लिए परमिट नहीं लूंगा। 11 मई को उनकी गिरफतारी हुई और श्रीनगर की जेल में डाल दिया गया। डॉ. मुखर्जी की 23 जून को श्रीनगर जेल में ही रहस्मयी तरीके से निधन हुआ। इस घटना को लेकर डॉ. मुखर्जी की माता जी ने प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को पत्र लिनखकर इसकी जांच कराने की मांग की थी।

### मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय रामाधार कश्यप के जीवन संघर्ष पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन

# छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन में स्वर्गीय रामाधार कश्यप की थी, अग्रणी भूमिकाः भूपेश बघेल




श्रीकंचपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बिलासपुर के लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन के अग्रिम पंक्ति के नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित पुस्तक ''पृथक छत्तीसगढ़ आंदोलन के दुर्धर्ष नायकः रामाधार कश्यप'' का विमोचन किया। उन्होंने स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बिलासपुर शहर के किसी प्रमुख चौक पर स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप के अनन्य सहयोगी मन्नूलाल साहू एवं सुशील भोले को आयोजन समिति की ओर से शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। ''पृथक छत्तीसगढ़ आंदोलन के दुर्धर्ष नायकः रामाधार कश्यप'' पुस्तक का संपादन साहित्यकार श्री डी. डी. महंत ने किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन में स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप जी की अग्रणी भूमिका रही है। वे बहुत ही सरल और सहज स्वभाव के व्यक्ति थे। स्वर्गीय कश्यप जी पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के स्वप्नद्रष्टा डॉ. खूबचंद बघेल से काफी प्रभावित थे। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए संचालित आंदोलन में स्वर्गीय श्री कश्यप जी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा।

उन्होंने अन्य लोगों को भी राज्य निर्माण आंदोलन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्वर्गीय श्री कश्यप ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के संरक्षण के महत्व को उजागर किया तथा आम जनता को शोषण और अन्याय से मुक्ति दिलाने के लिए पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण का उद्घोष किया। स्वर्गीय श्री कश्यप जी ने 1969 में पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण को लेकर मध्यप्रदेश विधानसभा में पर्चा फेंककर कर पूरे देश का ध्यान छत्तीसगढ़ की समस्याओं की ओर आकृष्ट किया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि दुर्धर्ष का अर्थ है जिसको परास्त न किया जा सके और स्वर्गीय कश्यप जी ऐसे ही शख्सियत के मालिक थे। श्री कश्यप बहुत ही सहज, सरल और बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। छत्तीसगढ़ की अस्मिता के लिए उनकी लड़ाई और संघर्ष अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रभा देवी मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी बिलासपुर के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल, बिलासपुर सांसद अरुण साव, संसदीय सचिव और तखतपुर विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, बिलासपुर विधायक शैलेश पाण्डेय, मस्तूरी विधायक कृष्णमूर्ति बांधी, लोरमी विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक श्री रजनीश सिंह, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, बिलासपुर महापौर रामशरण यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

### माँ काली के स्वरुप को गलत तरीके से दिखाए जाने के विरोध में लीनामणिमेकलई के खिलाफ सुपेला थाना मे एफआईआर



श्रीकंचपथ न्यूज

**भिलाई।** युवा कांग्रेस भिलाई के युवा नेता बजरंगी लाल सिंह के नेतृत्व में डॉक्यूमेंट्री फिल्म में माँ काली के स्वरुप को गलत तरीके से दिखाए जाने के विरोध में फिल्म निर्देशक/निर्माता लीनामणिमेकलई के खिलाफ सुपेला थाना मे एफआईआर कर शख्त कार्रवाई की मांग प्रशासन से की गई।

मां काली डॉक्युमेंट्री फिल्म जिसके डायरेक्टर लीनामेकलाई हैं जिनके द्वारा उस डाक्यूमेंट्री फिल्म में इनमें हमारे आराध्य मां काली माता को सिगरेट पीते करते हुए पोस्टर दिखाया गया जो बेहद घोर अपमानजनक है जिससे हमारे हिन्दू धर्म एवं समाज के लोगो का चिन्ता का विषय है एवं लोगों में आक्रोशित एवं दुखी हैं हम लोग मां काली माता का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान अनिवार्य है ऐसे फिल्म निर्माताओं के सामाजिक बहिष्कार का हिन्दू समाज की भावनाओं को आहत करने के लिए इस पर त्वरित व सख्त कार्यवाही की जाए फिल्म डायरेक्टर लीनामनीमेंकलाई के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही कर एवं फिल्में प्रतिबंध करने की मांग करते हैं ऐसे फिल्म डायरेक्टर हमारे धर्म एवं आस्था को ठेस पहुंचाती है। मांग करने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव आईटी सेल मनीष तिवारी, वार्ड 10 पार्षद चन्द्रशेखर गवई, भिलाई जिला महामंत्री सागर सुमन सिन्हा. राजू साहू,सुजीत साव,युवा कांग्रेस से मोहम्मद शोएब खान,दीपक पाटले,खिलेश्वर,नितेश लाऊत्रे, अभिषेक गिरी,सूरज गुप्ता एवं अन्य उपस्थित थे!

### प्रदेश में सबसे अधिक स्वावलंबी गौठान रायगढ़ के

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में से महत्वपूर्ण सुराजी गांव योजना के गरूवा घटक के तहत अब तक राज्य में निर्मित एवं सक्रिय रूप से संचालित 8408 गौठानों में से 3089 गौठान स्वावलंबी हो गए हैं। स्वावलंबी गौठान गोबर खरीदी से लेकर वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण के लिए स्वयं के पास उपलब्ध राशि का उपयोग करने लगे हैं। स्वावलंबी गौठानों में शासन से राशि की मांग किए बिना 15 करोड़ 93 लाख रूपए का गोबर भी स्वयं की राशि से क्रय किया है। रायगढ़ जिले में सर्वाधिक 279 गौठान स्वावलंबी हुए है। गौरतलब है कि राज्य में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक 10624 गांवों में गौठान के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसमें से 8408 गौठानों का निर्माण पूरा हो चुका है और वहां पर गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण सहित अन्य आयमूलक गतिविधियां संचालित हो रही है। वर्तमान में 1779 गौठानों का तेजी से निर्माण कराया जा रहा है शेष 444 गौठानों के निर्माण का कार्य अभी शुरू कराया जाना है।

# सरकार वनवासियों को दे रही जल, जंगल और जमीन का वास्तविक अधिकार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज धमतरी जिले के नगरी विकासखंड के ग्राम भोथापारा में नवनिर्मित कन्या आश्रम में आयोजित प्रवेशोत्सव और शासकीय हाईस्कूल भवन भोथापारा का लोकार्पण किया। मंत्री डॉ. टेकाम ने ग्रामीणों की मांग पर शासकीय हाईस्कूल भोथापारा को हायर सेकण्डरी के तौर पर उन्नयन करने की घोषणा की। साथ ही क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के नाम पर स्कूलों के नामकरण की मांग पर शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश कलेक्टर को दिए।

मंत्री डॉ. टेकाम आज दोपहर 12 बजे नगरी विकासखंड के मुरूमसिल्ली जलाशय के डुबान क्षेत्र में स्थित ग्राम भोथापारा पहुंचे, जहां पर उन्होंने 50 सीटर अनुसूचित जनजाति कन्या आश्रम भवन में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने नवप्रवेशित छात्राओं से परिचय प्राप्त कर उनसे चर्चा की। साथ ही विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर शिक्षा के अलावा बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और नैतिक मूल्यों का विकास करने पर जोर दिया। इसके अलावा मंत्री डॉ. टेकाम ने आश्रम परिसर में सघन वृक्षारोपण कराने के लिए भी निर्देशित किया। सहायक आयुक्त ने बताया कि 50 सीटर क्षमता वाले उक्त आश्रम का निर्माण 1.62 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है, जहां कक्षा पहली से पांचवीं तक की 16 कन्याओं को अब तक प्रवेश दिया जा चुका है।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने 75.23 लाख रूपए की लागत से तैयार किए गए शासकीय हाई स्कूल भवन भोथापारा का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जल, जंगल और जमीन का हक देकर वन निवासियों को स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार दिया है। सरकार द्वारा साढ़े चार लाख व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकार पट्टा देकर वनवासियों को उनका वास्तविक हक दिलाया। उन्होंने आगे कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रदेश सरकार ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल की योजना लाई, जिसमें निजी स्कूलों की भांति शासकीय विद्यालयों में भी बच्चों को बेहतर भविष्य गढ़ने का अवसर मिल रहा है। मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि मौजूदा सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए जितने कार्य किए हैं, वह अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय है। चाहे किसानों की कर्जमाफी हो, समर्थन मूल्य पर धान-खरीदी हो, बिजली बिल हाफ योजना हो या गौठानों को बहुआयामी गतिविधियों से जोड़ने की बात हो, हर क्षेत्र में महत्वाकांक्षी योजनाएं लाकर सभी वर्गों के चहुंमुखी विकास के आशातीत प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव और कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत नगरी के सदस्य नकुल ध्रुव, श्रीमती पुष्पा ध्रुव, दुर्गेशनंदिनी साहू, एसडीएम नगरी चंद्रकांत कौशिक, सहायक आयुक्त डॉ. रेशमा खान सहित स्थानीय सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) दुर्ग, जिला दुर्ग

रा.प्र.क्रं./ ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन नंबर 202206100400578, अ/2, 2021-22
पक्षकार का नाम - श्री विपिन वोहरा

#### उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका श्री विपिन वोहरा आ. श्री एम. एस. वोहरा, निवासी-22 मोहन नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अनुसूची :- ग्राम/प.ह.नं. जहां भूमि स्थित है कसारीडीह प.ह.नं. 25 तहसील एवं जिला दुर्ग, खसरा नंबर 768/555, रकबा (क्षेत्रफल) 0.007 हे./800 वर्गफीट, प्रयोजन व्यवसायिक।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
दुर्ग, जिला दुर्ग






























## खास-खबर

### जंगल में मिला युवक का शवः शरीर और शर्ट में मिले खून के निशान मारकर फेंकने की आशंका

**जगदलपुर ( ए )।** बस्तर जिले के एक गांव के जंगल में बुधवार को युवक की लाश मिली है। मृत युवक की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है। शरीर और शर्ट में खून के निशान भी मिले हैं। ऐसे में हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जाहिर की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला जिले के परपा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि, पामेला और हजारिगुड़ा के बीच जंगल में एक युवक की लाश पड़ी है। यह जानकारी वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को दी थी। इसी सूचना के आधार पर जवानों को जंगल भेजा गया। जहां से शव को बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार युवक के शरीर के कुछ अंगों में खून के निशान मिले हैं। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने आस-पास के थानों में मृत युवक की फोटो भिजवाई है। ताकि किसी तरह से शव की पहचान हो सके। इधर, जवानों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भिजवाया है। अब पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा कि युवक की हत्या हुई है या फिर मौत का कोई दूसरा कारण है।

### दहेज में बाइक नहीं मिली तो नव विवाहिता की कर दी पिटाई, पति पर मामला दर्ज

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर के उरला इलाके में एक नवविवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। आरोप है कि मोटरसाइकल नहीं लाने पर पति ने मारपीट की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांधीनगर बीरगांव निवासी शानू तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसका पति मुकेश तिवारी हमेशा दहेज को लेकर परेशान करता है। छोटी-छोटी बातों को लेकर मारपीट करता है। दहेज में मोटरसाइकिल नहीं लाने का ताना देता था। तीन जुलाई की रात को शराब पीकर आया और दहेज की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए राड से सिर और पीठ पर वार कर दिया।

### एप्लीकेशन डाउनलोड कराने के बाद रिटायर्ड कर्मी से ठगी

**भिलाई।** सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी सुभाष मेहता निवासी नेहरुनगर ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। ठग ने उनके मोबाइल पर मंगलवार सुबह 10 बजे मैसेज भेजा। उक्त मैसेज बैंककर्मी ने शाम करीब 5 बजे देखा। इससे पता चला कि बिजली बिल जमा नहीं होने पर रात 9.30 बजे लाइट काट दी जाएगी। मैसेज में एक मोबाइल नंबर भी लिखा हुआ था। उक्त नंबर पर बैंक कर्मी ने फोन करके संपर्क किया तो ठग ने मोबाइल पर एनीडेस्क और एयरड्राइड नाम के दो एप्लीकेशन डाउन लोड करवा लिए। ठग ने पहले ऑनलाइन के जरिए 10 रुपए का ट्रांजेक्शन करने के लिए बोला। इसके बाद बैंक की डिटेल लेकर बैंक कर्मी के खाते से 92 हजार रुपए निकाल लिए। ठगी का पता चलने के बाद बैंककर्मी ने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने मोबाइल नंबर 08101986266 एवं 9142892375 के धारकों के खिलाफ धारा 420 के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों मोबाइल नंबरों की जानकारी जुटा रही है। बहरहाल आरोपी के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस ने मामले में मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### सेमरही खार में सिंचाई के लिए लगाए 3 पंप चोरी

**महासमुंद ( ए )।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम सराईपाली में सेमरही खार में तीन किसान के खेत में लगे 2-2 एचपी सम्बर्सिबल पंप को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। घटना 5 जून सुबह 7 बजे की है। पुलिस के अनुसार ग्राम सराईपाली निवासी ज्ञान सिंह ठाकुर 4 -5 जुलाई की मध्य रात्रि सेमरही बाहरा खेत में लगे सम्बर्सिबल पम्प 02 एचपी, उसके खेत से लगे गांव के दुलारू ठाकुर व विक्रम साहू पिता पुनित साहू निवासी मोंगरापाली के खेत में लगे 2-2 एचपी के पंप को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। चोरी गई पंप की राशि करीब 12 हजार रुपए आंकी गई है।

ट्रैक्टर पलटा, 2 लोगों की दबने से मौत

# खेत जुताई के बाद युवक को ट्रैक्टर सिखा रहा था ड्राइवर, मेढ़ में चढ़ाने के दौरान हादसा

**कोरबा (ए)।** कोरबा में ट्रैक्टर के पलटने से 2 लोगों की मौत हो गई है। दोनों खेत में जुताई के काम के लिए गए थे। इसके बाद ट्रैक्टर चालक दूसरे युवक को ट्रैक्टर चलाना सिखा रहा था। उसी वक्त गाड़ी को मेढ़ में चढ़ाने के दौरान ये हादसा हो गया है। दोनों युवक ट्रैक्टर के नीचे दब गए थे। हादसा पसान थाना क्षेत्र में हुआ है।



बताया जा रहा है कि ग्राम सिर्री निवासी अभिराम सिंह (40) बुधवार सुबह बैकुंठ सिंह मरावी के साथ कदममुड़ा रोड स्थित आलोक प्रजापति के खेत में ट्रैक्टर से जुताई करने गया था। बरसात का मौसम शुरू हो गया है। इस वजह से किसान अपने खेत में जुताई के काम में लगे हुए हैं। इसी जुताई के काम के लिए अभिराम सिंह भी गया हुआ था।

जानकारी मिली है कि अभिराम सिंह ने जुताई का काम पूरा कर लिया था। इसके बाद उसे बैकुंठ सिंह ने ट्रैक्टर सिखाने के लिए बोला था। इस पर अभिराम सिंह उसे ट्रैक्टर सिखा रहा था। बैकुंठ सीखते वक्त मेढ़ से ट्रैक्टर पार करना चाहता था। इसके लिए उसने गाड़ी को चढा भी दिया था। मगर मिट्टी गीली होने के कारण ट्रैक्टर के चढ़ते ही गाड़ी नीचे की ओर धंसने लगी। इसके बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। अभिराम सिंह और बैकुंठ सिंह दोनों उसी ट्रैक्टर के नीचे आ गए। कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद आस-पास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी इस बारे में बताया गया था। काफी मशक्कत के बाद दोनों के शव को निकाला गया। फिर पीएम के लिए भेजा गया था। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## बांध में डूबा युवकः दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था, 24 घंटे बाद मिली लाश

**पेंड्रा ( ए )।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले से लगे मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में रायपुर का रहने वाला एक युवक बांध में डूब गया। वह अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए बांध में गया था। नहाने के दौरान अधिक गहराई में जाने से हादसा हुआ है। पिछले 24 घंटे से उसकी तलाश जारी थी। जिसके बाद बुधवार शाम को उसका शव मिला है। मामला वेंकटनगर चौकी क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, रायपुर निवासी शिवकुमार धुरवा (38 वर्ष) अनूपपुर जिले के वेंकटनगर के राम जानकी राइस मिल में शेड बनाने के काम में लगा हुआ था। उसके साथ बिलासपुर के कुछ लोग भी काम करते हैं। मंगलवार को शिवकुमार अपने दोस्तों के साथ कदमसरा के डोंगरा टोला बांध मे नहाने के लिए गया था।

#### दोस्त गांव के तरफ गए थे

शाम 4 बजे के आस-पास शिवकुमार के दोस्त गांव की तरफ कुछ सामान लेने गए थे। उस दौरान शिवकुमार वहीं रह गया था। उनके जाने के बाद ही शिवकुमार बांध में नहाने के लिए गया था। नहाने के वक्त वह ज्यादा गहराई वाले क्षेत्र में चला गया। जिसके कारण ये हादसा हुआ है।

पता चला है कि आस-पास भी कुछ लोग मौजूद थे। उन्होंने शिवकुमार को डूबता हुआ देखा था। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इतने में शिवकुमार के और भी साथी वहां पहुंच गए। इसके बाद पुलिस को इस बारे में जानकारी दी गई थी। प्रशासन को भी इस बारे में बताया गया था। देर शाम होने के कारण मंगलवार को रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू नहीं हो सका था। अगले दिन बुधवार को सुबह से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। लेकिन शाम 5 बजे तक उसका पता नहीं चला था। काफी प्रयास के बाद शाम 6 बजे के आस-पास उसका शव बरामद किया जा सका है।





### कंटेनर की टक्कर से बस चालक और यात्री घायल

**महासमुंद ( ए )।** तुमगांव थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज के नीचे मंगलवार को बस को टक्कर मारते कंटेनर पटल गई। इसमें बस चालक और यात्रियों को चोट आई है। पुलिस ने बस संचालक येतेंद्र साहू की शिकायत पर कंटेनर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। यतेंद्र ने बताया कि ओवरब्रिज के नीचे भोरिंग रोड में वे अपनी बस क्रमांक सीजी 06 एच 0516 से यात्रियों को लेकर जा रहे थे। इसी दौरान कंटेनर क्रमांक एनएल 01 एन 0369 के चालक ने उनकी बस को टक्कर मार दी। इससे बस चालक डिगेश्वर निषाद और बस में सवार यात्रियों को चोटें आई है।

बस्तरिया बटालियन का जवान बताकर युवती के साथ किया दुष्कर्म

## प्यार में फंसाकर एक महीने तक करता रहा बलात्कार, 3 साल बाद गिरफ्तार



**जगदलपुर ( ए )।** बस्तर जिले में एक युवक खुद को बस्तरिया बटालियन का जवान बताकर युवती को प्यार के जाल में फंसाया। फिर शादी करूंगा कहकर करीब 1 महीने तक दुष्कर्म करता रहा। युवती ने जब शादी की बात कही तो अपने वादे से मुकर गया। जिसके बाद युवती ने एफआईआर दर्ज करवाई। जब युवक को इसकी भनक लगी तो फरार हो गया। वहीं 3 साल के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, बीजापुर की रहने वाली एक युवती ने दिसंबर 2019 में बस्तर जिले के बोधघाट थाना में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। युवती ने पुलिस को बताया था कि, बीजापुर का रहने वाला युवक रोहित कुरसम ने मुझे कहीं देखा था, और फिर किसी तरह से मेरा मोबाइल नंबर लेकर बातचीत करने लगा। काफी दिनों तक दोनों कॉन्टेक्ट में थे। उसने खुद को सीआरपीएफ के बस्तरिया बटालियन का जवान बताया। प्यार करता हूं, शादी करूंगा कहकर प्यार के जाल में फंसा लिया था। युवक के बातों में आ गई। फिर एक दिन इसने गीदम बुलाया। जहां से जगदलपुर लेकर गया। फिर जगदलपुर में अपने एक दोस्त के घर में रखा था। कुछ दिन साथ रहे। इस बीच जब भी शादी की बात करती तो बातों को टालमटोल करने लगा और वादे से मुकर गया। करीब 1 महीने तक लगातार दुष्कर्म करता रहा। जब युवती को इस बात का एहसास हुआ कि यह सिर्फ शारीरिक शोषण कर रहा है, शादी का इरादा नहीं है तो बोधघाट थाना में जाकर एफआईआर दर्ज करवा दी।

इधर, एफआईआर की भनक लगते ही आरोपी फरार हो गया था। पुलिस आरोपी को पकड़ने में नाकाम साबित हुई थी। 3 साल बाद मुखबिर से पुलिस को जानकरी मिली की आरोपी युवक बीजापुर जिले में अपने घर में ही है। जिसके बाद जवानों की एक टीम को आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए भेजा गया। जहां से युवक को गिरफ्तार कर बोधघाट थाना लाया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर पुलिस ने 21 जुलाई तक रिमांड में रखने की मांग की है।

## छह साल से फरार चिटफंड कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

**कोरबा ( ए )।** कम समय में रकम दोगुना करने का झांसा देकर स्थानीय निवेशकों से करोड़ों रुपये सनशाइन इंफ्राबिल्ट कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी ने वर्ष 2016 में राशि जमा कराई। राशि लौटाने के बजाए कंपनी ने बोरिया बिस्तर समेट कर भाग गई थी। मामले में पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर को उपजेल बलोदाबाजार भाठापारा से लेकर कोरबा लाई।

छह वर्ष पहले सनशाइन इंफ्राबिल्ट कार्पोरेशन लिमिटेड चिटफंड कंपनी ने जिले में कार्यालय खोला और पाली व आसपास क्षेत्र के निवेशकों से करोड़ों रूपये जमा कराया। कंपनी ने लोगों को आश्वस्त किया कि निश्चित समय के बाद राशि दो गुनी हो जाएगी। बाद में राशि जमा नहीं की गई। इस पर निवेशकों ने राशि ठगी किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 420, 406, 409, 120 बी चिटफंड मनी सरकुलेशन एक्ट व छत्तीसगढ़ निवेशकों के हितों का संरक्षण अधिनियम की धारा 10 कायम कर विवेचना में लिया। इस मामले में शामिल आरोपित राजीव गिर, ओम प्रकाश अवस्थी, मुकेश कुमार बघेल को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेएमएफसी कोर्ट पाली में चालान पेश किया था। जबकि प्रकरण के अन्य आरोपी फरार हो गए थे। इस बीच पुलिस को सूचना मिली की प्रकरण के नामजद फरार आरोपित संजीव सिंह बघेल 38 साल निवासी हरिराम कापूरा ग्राम सिमराव थाना भिंड जिला भिंड मध्य प्रदेश हाल मुकाम आम्रपाली सेक्टर 76 मकान नंबर 605 नोएडा, उप जेल बलौदाबाजार भाटापारा में है। पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट के अंतर्गत न्यायालय में पेश कर संजीव सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया है।

मौत आने से पहले पहुंच गई पुलिस

# फंदा लगाकर खुदकुशी कर रहा था अधेड़, दरवाजा तोड़कर कमरे में गई पुलिस

**दुर्ग।** सैलून संचालक ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की तत्परता के चलते उसकी जान बच गई। दुर्ग पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बंद कमरे का दरवाजा तोड़ा। फंदे की रस्सी टूट जाने से युवक कमरे में ही गिरकर बेहोश हो गया था। उसे तुंरत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार किया गया।



दुर्ग थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि मंगलवार देर रात रनचिरई जिला बालोद निवासी ओम प्रकाश सेन थाने पहुंचा था। उसने बताया कि उसके ससुर आत्माराम उमरे (49 साल) ने पोलसायपारा शीतला मंदिर तालाब के नीचे दुर्ग स्थित अपने घर में फांसी लगा लिया है। काफी आवाज देने के बाद भी वह दरवाजा नहीं खोल रहा है।

सूचना मिलते ही टीआई ने एक टीम को मौके पर भेजा। सहायक उप निरीक्षक आरएल वर्मा और आरक्षक विनोद सिंह ने मौके पर जाकर देखा कि मकान के फर्स्ट फ्लोर में बने किचन में आत्माराम ने खुद को बंद कर लिया है। किचन का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने बिना देरी किए दरवाजे को तोड़ा तो देखा कि आत्माराम जमीन पर बेहोश पड़ा है। उसके गले में टूटा हुआ फंदा डला था। पुलिस ने चेक किया तो उसकी सांसे चल रही थीं। इस पर बिना देरी किए उसे अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में समय पर इलाज मिल जाने से उसकी जान बच गई। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि आत्माराम उमरे परिवारिक परेशानियों के चलते काफी टेंशन में रहता था। इसके चलते ही उसने यह कदम उठाया। उसके खुदकुशी करने से परिवार के लोग काफी रो रहे थे। जैसे ही उन्होंने सुना कि उसकी सांसे चल रही हैं, तो उनकी खुशियां लौट आईं। सीएसपी अभिषेक झा का कहना है कि इस घटना में परिवार की सूझबूझ के चलते युवक की जान बचाई जा सकी है। यदि वो सूचना देने में कुछ देर करते तो उसकी जान भी जा सकती थी।

## बिलासपुर में इंजीनियर की कार चोरी कर खेतों में छिपाई नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

**बिलासपुर ( ए )।** सरकंडा पुलिस ने इंजीनियर के घर के सामने खड़ी कार चोरी करने वाले नाबालिग समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने कार को सीपत क्षेत्र के खार में कार को छुपा दिया था। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी की कार को जब्त कर न्यायालय में पेश किया है।



बालोद जिले के दल्ली राजहरा में रहने वाले सतीश कुमार ठाकुर बिजली विभाग में इंजीनियर हैं। उनकी पोस्टिंग रायगढ़ जिले में है। 28 जून को वे राजकिशोरनगर स्थित अपने भाई मनीष के घर आए थे। चार जुलाई की रात उन्होंने अपनी आई 20 कार को घर के सामने खड़ी कर दिया। इसके बाद वे सोने के लिए चले गए। सुबह जब वे जागे तो उनकी कार गायब थी। उन्होंने जहां पर कार की पार्किंग की थी वहां पर कांच के टुकड़े पड़े थे। पास में ही एक हथौड़ा भी पड़ा था। इंजीनियर ने आसपास में अपने कार की तलाश की। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत सरकंडा थाने में की। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि चोरी गई कार रांक क्षेत्र के खार में लावारिस खड़ी है। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को जब्त कर लिया। पूछताछ में पता चला कि गांव में रहने वाले दीपक विश्वकर्मा( 19) ने अपने साथियों के साथ लाकर कार को छुपाया है। इस पर पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसमें वह पुलिस को गुमराह कर रहा था। कड़ाई करने पर उसने अपने साथी राहुल यादव( 20) निवासी देवरी थाना सीपत और एक नाबालिग के साथ कार को चोरी करना बताया। पुलिस ने गांव में घेराबंदी कर आरोपित राहुल और नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया है।

Authorised For :
SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### वंचित समुदाय की बेटियों को मिली शिक्षण सामग्री, खिल उठे चेहरे

**भिलाई।** समाज की मुख्यधारा से जुड़कर अपना भविष्य संवार रहे अनाथ, बेघर, फुटपाथी और चरवाहा समुदाय के बच्चों को शिक्षण सामग्री मिली तो उनके चेहरे खिल उठे। सामाजिक संस्था गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन की पहल पर यह आयोजन संजीवनी बालिका छात्रावास दुर्ग में हुआ। समग्र शिक्षा अभियान के जिला मिशन समन्वयक सुरेंद्र पांडेय की मौजूदगी में जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई व अन्य लोगों की ओर से इन सभी नवप्रवेशी बालिकाओं का हॉस्टल में तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बच्चो ने कविताएं प्रस्तुत की और शानदार नृत्य भी मंचित किया। फाउंडेशन की ओर से सभी बच्चों को नोटबुक, पेन, जूता एवम मोजे दिए गए। वहीं सभी बच्चों को हेल्थी हैबिट्स के कार्ड और कुछ बच्चो को स्कूल बैग्स भी दिए गए। यहां प्रावीण्य सूची में आये बच्चों को विशेष रूप से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि वंचित समुदाय की बालिकाओं को यहां छात्रावास की सुविधा देकर शासकीय स्कूलों मैं पढ़ाया जाता है, जिससे ये बच्चियां अपना भविष्य गढ़ सकें। इस अवसर पर विभाग की ओर से गीता शर्मा,धनेश्वरी साहू, ऋतु बोरकर और जे. मनोहरन भी उपस्थित थे।

### टाउनशिप में रेल सेल स्वर्ण जयंती उद्यान की आधारशिला रखी गई

**भिलाई।** इस्पात संयंत्र के इस्पात नगरी में भिलाई क्लब के सामने एवं जयंती स्टेडियम के मध्य रिक्त भूमि पर प्रस्तावित रेल सेल स्वर्ण जयंती उद्यान की आज 06 जुलाई, 2022 को संयंत्र के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने आधारषिला रखी। आजादी के अमृत महोत्सव और आइकॉनिक वीक के तहत इस पार्क की आधारषिला रखी गई है। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेषक प्रभारी (कार्मिक एवं प्रषासन), के के सिंह, कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेषक (सामग्री प्रबंधन) ए के भट्टा, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा), डॉ ए के पंडा, कार्यपालक निदेशक (खदान), तपन सूत्रधार तथा कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं), एस मुखोपाध्याय सहित मुख्य महाप्रबंधकगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगणों ने मिलकर 75 पौधों का रोपण किया।

# विधायक देवेंद्र यादव की पहल से शिक्षित बेरोजगारों को मिलेगा बड़ी कंपनी में जॉब, कल रोजगार मेला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**प्रदेश में पहली बार विधायक रोजगार मेला का आयोजन होगा**

भिलाई। दुर्ग भिलाई सहित जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से विधायक रोजगार मेला का आयोजन होने वाला है। जहां भिलाई सहित प्रदेश की कम्पनी आएंगी और वे शिक्षित बेरोजगारों को जॉब देगी। प्रदेश में पहली बार ऐसा हो रहा है जब एक विधायक द्वारा अपने क्षेत्र के युवाओं को बेहतर रोजगार देने के लिए एक बड़ी पहल की जा रही है।



शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए हम 8 जुलाई 2022 को एक भव्य रोजगार मेला का आयोजन करने वाले है। यह आयोजन रोजगार विभाग के सहयोग से किया जाएगा। जहाँ 5 बड़ी कंपनियों में 237 पदों पर भर्ती ली जाएगी। युवाओं को एक बेहतर रोजगार मिल सके इसके लिए हम प्रसाशन के साथ मिलकर लगातार प्रयास कर रहे है।
**देवेन्द्र यादव** विधायक भिलाई

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा 8 जुलाई 2022 को सुबह 11 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पावरहाउस भिलाई में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेला में देश की 5 बड़ी कंपनियां भाग लेगी जो अपने कंपनियों में करीब 237 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती लेगी और शहर व हमारे दुर्ग जिले के शिक्षित बेराजगार युवाओं को नौकरी देंगी। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने शहर व जिले के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए यह पहल की है। इसके लिए भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव ने जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग के उपसंचालक को पत्र लिखा था। इसके बाद उप संचालक के साथ बैठक करके रोजगार मेला लगाने के लिए पूरी योजना तैयारी की है। जिसके तहत 8 जुलाई को रोजगार मेला लगाया जाएगा।

**इन कंपनियों में होगी भर्ती**

एसबीआई लाईफ इंश्योरेंश कंपनी लिमिटेड भिलाई दुर्ग में 100 लाईफ मित्र पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को कम से कम 18 से 40 वर्ष आयु का होना जरूरी है और योग्यता 12 वीं पास होना जरूरी है। इसके अलावा चोला एमएस जनरल इंश्योरेंश पंडरी रायपुर में डीएसटी के पदों पर भर्ती ली जाएगी। 10 पद इसके लिए स्वीकृति है। जिसमें आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की आयु 20 से 32 साल होना चाहिए और शैक्षणिक योग्यता कम से कम 12 वीं पास होना जरूरी है। विनी इंडस्ट्रीज भिलाई में आफिस एक्सीक्यूटिव के पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए35 से 40 आयु वर्ग के लोग आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता इसके लिए स्नातक कम्प्यूटर का ज्ञान होना चाहिए। इंग्लिश मिडिय वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिका दी जाएगी। रोप्पेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विस प्रा.लि. में बाइक राईडर पद पर भर्ती ली जाएगी।

इसके 100 पद रिक्त हैं, इसके लिए 18 से 40 वर्ष आयु के शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी दी जाएगी। जिसके लिए कम से कम 10 वीं पास होना और स्वयं का मोटर साईकल होना जरूरी है। सुख किशन बायो प्लॉन्टेक प्रा.लि. बिलासपुर को फिल्ड ऑफिसर के 21 पदों पर भर्ती लेना है। जो भी इच्छूक उम्मीदवार यह नौकरी करना चाहते हैं। वे मेला में शामिल होकर आवेदन कर सकते हैं। इसकें 21 पदों पर भर्ती होगी और शैक्षणिक योग्यता 12वीं या स्नातक होना चाहिए।

### वन होम वन ट्री के तहत पर्यावरण मित्र समिति ने किया पौधारोपण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** वन होम ट्री के तहत वृक्षारोपण किया गया सेक्टर 2 भिलाई शहर के विभिन्न सेक्टरों में वार्ड 55 56 पर घर पर वृक्षारोपण किया गया वन होम ट्री के तहत पर्यावरण मित्र समिति 6 जुलाई को पौधारोपण किया गया भिलाई निगम क्षेत्र के अंतर्गत इस शानदार आयोजन का अभियान चलाया गया पर्यावरण मित्र समिति समाज सेवक प्रशांत कुमार क्षीर सागर एवं संतोष पाराशर के मार्गदर्शक वृक्षारोपण किया गया पर्यावरण मित्र समिति प्रशांत कुमार क्षीरसागर हमर भिलाई का उद्देश्य भिलाई शहर को हरा-भरा सुंदर स्वच्छ नंबर वन बनाने का संकल्प समिति के द्वारा लिया गया नगर निगम वार्ड 55 56 वन होम वन ट्री अभियान की शुरुआत की गई इस शुरुआत के अवसर पर प्रशांत कुमार क्षीरसागर संतोष पाराशर पर्यावरण मित्र समिति बेल जाम आम करंजा नींबू गुलमोहर करण नींबू फलदार पौधे जड़ी बूटी पौधे लगाए गए ।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन जन के लिए प्रेरणास्पद : बृजमोहन अग्रवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। एक संविधान एक निशान के प्रणेता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती के अवसर पर बुधवार को दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें नमन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश मंत्री उषा टावरी, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, महामंत्री ललित चंद्राकर उपस्थित रहे।

आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्याय, प्रखर राष्ट्रवादी, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर उनके जीवन पर प्रकाश डालना मतलब चांद को दीपक दिखाने के बराबर है। वे स्वतंत्र भारत के पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने देश के खातिर अपने प्राणों का न्योछावर किया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन काल एक संविधान एक निशान के लिए संघर्षरत रहे उनके बनाए हुए आदर्शों को आज संपूर्ण भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को आत्मसात करना चाहिए। मैं उनके जन्म जयंती के अवसर पर कोटि-कोटि नमन करता हूँ ।

## कलेक्टर के टास्क को पूरा करने निगम का अमला मैदान पर, सड़क किनारे रखे मलबा पर हो रही है कार्यवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा लगातार नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अधिकारियों को सड़क बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में निगमायुक्त लोकेश चंद्राकर ने सभी जोन के आयुक्त को सड़क बाधा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए हैं। निर्देशों के परिपालन में आज वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत कालीबाड़ी चौक से एकता चौक में सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई



की गई। इस सड़क पर व्यवसायियों के द्वारा सड़क के बाहर होर्डिंग एवं प्रचार सामग्री लगाकर सड़क बाधा किया जा रहा था जिसे आज निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने हटाने की कार्रवाई की। इसी तरह अकाश गंगा सब्जी मंडी में अवैध गुमटी को हटाने की कार्रवाई की गई। आकाशगंगा सब्जी मंडी के क्षेत्र में नालियों के ऊपर हुए अतिक्रमण को भी हटाया गया। दुकानों के सामने कचरा फैलाने वालों को भी सख्त हिदायत दी गई, वही डस्टबीन अनिवार्य रूप से रखकर कचरा उसी में डालने कहा जा रहा है बावजूद नही समझने वाले पर जुर्माना की कार्यवाही की जाएगी। शहर की सुंदरता पर दाग लगाने वालो पर कार्यवाही निश्चित है। आज अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के नेतृत्व में जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, परमेश्वर चंद्राकर, जगन्नाथ तिवारी ने मौके पर रहकर कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि नाली के ऊपर अतिक्रमण होने से नाली सफाई में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वही नाली में अतिक्रमण के चलते सड़क भी सकरी हो जाती है और नाली का पानी ओवर फ्लो होकर सड़क पर बहने लगता है, आने जाने वालों को भी अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही सड़क के किनारे सड़क बाधा कर अतिरिक्त निर्माण एवं प्रचार सामग्री लगे होने से दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाती है, राहगीरों को भी परेशानियां होती हैं, शहर की सुंदरता पर भी दाग लगता है। आज वैशाली नगर क्षेत्र में कार्यवाही के दौरान सड़क बाधा करने वाले एवं अवैध अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई है, अतिक्रमण कर शेड निर्माण को हटाने की सूचना भी दी गई है।

## हरियाली से हुआ शहर गुलजार, विधायक, महापौर, कलेक्टर एवं आयुक्त ने लगाए पौधे

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज राज्य शासन की मंशा के अनुरूप एवं जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा शहरवासियों को जनजागरूकता के तहत आज वार्ड 21 हनुमान नगर गार्डन महिला स्व शक्ति केंद्र एवं सिविल लाइन पांच बिल्डिंग कृष्ण कुंज समेत विभिन्न जगहों में शानदार दोनों किनारे हरियाली से किया गुलजार ।



विधायक अरुण वोरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर. एन. वर्मा,महापौर धीरज बाकलीवाल,कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा,आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, सभापति राजेश यादव,पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा,जयश्री जोशी,वार्ड पार्षद अरुण सिंह ने लगाए चंपा, कदंब, कोनोकार्पस,नीम, बादाम,गुलमोहर आदि पौधे गार्डन के दोनों ओर लगाए गए 113 पौधे। इस अवसर पर पार्षद अमित देवांगन, सहायक अभियंता वीपी मिश्रा, पूर्व पार्षद प्रकाश गीते,उद्यान प्रभारी अनिल सिंह,निखिल खिचड़िया, समेत स्कूली बच्चे मौजूद थे।

विधायक अरुण वोरा ने कहा कि पौधे थोड़े बड़े आकार के हों। डिवाइडर में चंपा के पौधे के साथ ही बीच में कनेर आदि के पौधे भी लगाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पौधों को सहेजना भी बहुत जरूरी है। इसके लिए ट्रीगार्ड वगैरह लगाए जाएंगे।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि पौधों के बढ़ जाने से इस रास्ते व गार्डनों की खूबसूरती काफी बढ़ जाएगी। पिछले दो सालों में शहर के महत्वपूर्ण सड़कों के किनारे पौधे लगाये गये हैं।उन्होंने ये भी कहा कि शहर को हरा भरा करने व्यक्ति वृक्षारोपण की ओर कदम बढ़ाए।पर्यावरण प्रकृति से प्राप्त एक अनमोल घरोहर है। यह पौधे काफी बढ़ गये हैं और पूरा रास्ता काफी खूबसूरत हो गया है। आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि वन होम वन ट्री महा अभियान के दौरान नागरिको ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया घर- घर नागरिको को लगभग सैकड़ो पौधे वितरण किया गया है।उन्होंने कहा हमारा कर्तव्य है कि हम अपने शहर के पेड़ पौधों को सुरक्षित कर शहर को हरा भरा बनाए।

## आईकॉनिक वीक के दौरान संयंत्र, टाउनशिप में स्वच्छता अभियान का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के तहत सर्कुलर इकोनॉमी की ओर बढ़ने की थीम को चिह्नित करने के लिए भिलाई टाउनशिप में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। टाउनशिप विभाग द्वारा प्लास्टिक बैग हटाने का अभियान चलाया गया जिसमें टाउनशिप के अधिकारियों, खिलाड़ियों और पैदल चलने वालों राहगीरों ने भी अपनी जनभागीदारी दी। इन्होंने अपना बाजार के पास के क्षेत्र को साफ कर प्लास्टिक मुक्त किया।



महाप्रबंधक प्रभारी (टाउनशिप), के सी त्रिपाठी, महाप्रबंधक (टीएसडी), संजय कुमार, महाप्रबंधक (बागवानी), डॉ जी के दुबे, उप महाप्रबंधक (बागवानी), डॉ एन के जैन, उप महाप्रबंधक (टीएसडी), के के यादव सहित टीएसडी विभाग के अन्य अधिकारी, टाउनशिप के कार्मिक, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग और कबड्डी के खिलाड़ी अपना बाजार, सिविक सेंटर, भिलाई के पास एकत्र हुए और परिसर को पॉलीथिन मुक्त कर साफ बनाया। नगर सेवा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने 05 जुलाई, 2022 को टाउनशिप में बोरिया गेट के पास विश्राम सुविधाओं का निरीक्षण किया। यह एक नई सुविधा विकसित की जा रही है जिसका उपयोग बोरिया गेट में आने वाले और बाहर जाने वाले भारी वाहनों के चालकों और सहायकों द्वारा किया जा सकेगा। इस विश्राम गृह में पीने के पानी, नहाने और शौचालय की सुविधा है। यह भिलाई टाउनशिप में गुणवत्ता और परिवेश के मामले में नवीनतम मानकों के साथ एक आधुनिक सुविधा है। यह विश्राम गृह की सुविधा सभी के लिए चैबीसों घंटे उपयोग हेतु उपलब्ध होगी।

'स्विच टू स्टील' थीम वाली चलित प्रदर्शनी ने 05 जुलाई, 2022 को भिलाई के सबसे पुराने स्कूल भिलाई विद्यालय का दौरा किया। स्कूलों में स्टील में स्विच करने की अपील के साथ पैम्फ्लेट वितरित किए गए और बच्चों द्वारा पॉलीथिन को त्यागने का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात मोबाइल वैन ने भिलाई में सीएसआर विभाग के कार्यालय से मॉडल स्टील गांव डूमरडीह, डुंडेरा, गनियारी सहित विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। प्लास्टिक के एकल उपयोग से बचने हेतु गांवों में पोस्टर व पर्चे वितरित किए गए। मोबाइल वैन टाउनशिप, आसपास के गांवों और खनि नगरों में भी भ्रमण करेगी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा हाल ही में नेवई में सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट सेंटर (एसएलआरएम) की स्थापना पर्यावरण स्थिरता की दिशा में प्रयासों को मजबूत करने हेतु की गई थी। 07 जनवरी, 2022 को एसएलआरएम सेंटर द्वारा पहली बार छह टन प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल किया गया और ग्रेनुअल्स में परिवर्तित कर रवाना किया गया था।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950